# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026


# 183 जवानों की शहादत और 80 आम लोगों की हत्या में शामिल रहे मंगडू और माड़वी

## सुकमा मुठभेड़ में मारे गए सभी 12 नक्सलियों की हुई शिनाख्त, 60 लाख का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

हरिभूमि फॉलोअप

सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र के पामलूर के जंगल में शनिवार को हुए मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। मारे गए माओवादियों में सीवापीसी, डीवीसीएम, एसीएम तथा पीएम कैडर के नक्सली शामिल हैं। इन पर 60 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए डीवीसीएम मंगडू व एसीएम माड़वी हितेश 183 जवानों की शहादत व 80 आम नागरिकों की हत्या मामले के मास्टर माइंड व मोस्ट वाटेंड नक्सलियों की लिस्ट में शामिल थे और इन पर संगीन धाराओं में 55 मामले दर्ज थे। एसपी किरण चव्हाण ने पत्रवार्ता में बताया कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें कुख्यात माओवादी कोंटा एरिया कमेटी इंचार्ज (डीवीसीएम) वेट्टी मंगडू ऊर्फ मुक्का एवं कोंटा एरिया कमेटी सचिव (एसीएम ) माड़वी हितेश सहित कुल 12 नक्सली शामिल हैं। मारे गए 5 महिला व 7 पुरुष माओवादियों पर 60 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

उन्होंने बताया कि मारे गए माओवादी शहीद एएसपी आकांश राव गिरिपुंजे की आईईडी ब्लास्ट हत्याकांड की साजिश में भी शामिल थे। आतंक के पर्याय कुख्यात माओवादी डीवीसीएम वेट्टी मंगडू ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मारे गए माओवादियों में यह शामिल

मारे गए माओवादियों में 8-8 लाख का ईनामी डीवीसीएम मंगडू उर्फ मुक्का व एसीएम माड़वी हितेश उर्फ हूंगा, 10 लाख का ईनामी सीवायपीसी पोड़यिम जोगा, 5-5 लाख के ईनामी झितरू माडवी, माड़वी सुक्का, मुचाकी मुन्नी, माड़वी जमली, पोड़यिम रोशनी, 2 लाख के ईनामी तामो नंदा तथा 1-1 लाख के ईनामी मड़कम रामा व मासे शामिल है। इनमें कुख्यात माओवादी कोंटा एरिया कमेटी इंचार्ज (डीवीसीएम) वेट्टी मंगडू ऊर्फ मुक्का एवं कोंटा एरिया कमेटी सचिव (एसीएम ) माड़वी हितेश के अलावा सभी कोण्टा एरिया कमेटी, दक्षिण बस्तर डिवीजन, गोलापल्ली एरिया एक्शन टीम में शामिल थे।



### इन घटनाओं के मास्टर माइंड व मोस्ट वांटेड थे

डीवीसीएम वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का 41 व एसीएम माड़वी हितेश उर्फ हूंगा के खिलाफ 14 मामले दर्ज है, जो कई संगीन घटनाओं में शामिल थे। इनमें 2006 में दरभागुड़ा (एर्राबोर) वाहन विस्फोट, जिसमें 28 नागरिक मारे गए और 28 घायल हुए थे। इसके अलावा 2006 में मनिकोंटा (एर्राबोर) जिसमें 15 नागरिक मारे गए और 18 घायल, 2006 में कोताचेरू आईआईडी विस्फोट हमला में 9 सुरक्षाकर्मी शहीद, 2007 में उरपालमेटा हमला 23 जवान शहीद, 2007 में एर्राबोर राहत शिविर पर हमला और आगजनी 33 ग्रामीण की मौत व सुरक्षाकर्मी शहीद, 2007 ▶▶| शेष पेज 6 पर


आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹101119/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹123500/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹134812/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### आईसीजी पोत 'समुद्र प्रताप' का आज जलावतरण

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल के पोत 'समुद्र प्रताप' का जलावतरण करेंगे। यह प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्मित दो पोतों में से एक है। यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए उन्नत प्रणालियों से लैस है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर और उसके बाहर व्यापक प्रदूषण-रोधी अभियान चलाने में मदद मिलेगी। यह उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन, चिपचिपे तेल से प्रदूषकों को पुनः प्राप्त करने एवं दूषित पदार्थों का विश्लेषण कर सकता है और दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम है।

### सुरक्षा बलों ने नष्ट किया आतंकवादी ठिकाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया है। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए। बारामूला के शेरी क्षेत्र के सुचलीवरन जंगल में तलाश अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से दो हथगोले, एके-47 राइफल की 24 गोलियां, एक वायरलेस एंटीना बरामद किये।

### 100 करोड़ मूल्य के गांजे के पौधे नष्ट

**अगरतला।** त्रिपुरा में सिपाहीजाला जिले के विभिन्न स्थानों पर 100 करोड़ रुपये मूल्य के गांजे के कुल 19 लाख पौधों को नष्ट किया गया है। राज्य पुलिस, सीमा सुरक्षा बल और त्रिपुरा स्टेट राइफल्स की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। प्राप्त सूचना के आधार पर 600 कर्मियों के संयुक्त बल ने उत्तर कलमचौरा, दक्षिण कलमचौरा, आनंदपुर और घाटीगढ़ क्षेत्रों में 650 एकड़ वन भूमि पर अभियान चलाया।

### बेटे को दो माह तक जंजीर में बांधे रखा

**नागपुर।** नागपुर में माता-पिता द्वारा अपने 12 वर्षीय बेटे को दो माह तक घर के भीतर जंजीरों से बांधे रखने का मामला सामने आया है, हालांकि पुलिस ने उसे मुक्त करा लिया। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले माता-पिता ने दावा किया कि लड़के में व्यवहार संबंधी समस्याएं थीं और वे उसे नियंत्रित करने का कोई तरीका नहीं जानते थे, इस कारण उन्होंने यह कदम उठाया। 'चाइल्ड हेल्पलाइन' नंबर शिकायत मिलने के बाद लड़के को मुक्त कराया गया। लड़के के हाथ-पैर जंजीरों और रस्सियों से बंधे हुए थे। वह एक प्लास्टिक की बाल्टी पर खड़ा था और हिल-डुल भी नहीं पा रहा था।

## वेनेजुएला पर दो धड़ों में बंटी दुनिया, भारत ने भी जताई चिंता

# चीन भड़का, उत्तर कोरिया बोला- मेरे दोस्त को छोड़ो, वरना होगा वर्ल्ड वॉर!

वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई और फिर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के मामले ने वैश्विक राजनीति में गजब का तहलका मचा दिया है। चीन ने कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है। वहीं, उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई दुनिया को विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। इस बीच, भारत ने वेनेजुएला से जुड़े घटनाक्रम को लेकर रविवार को 'गहरी चिंता' व्यक्त की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ बीजिंग

उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिकी कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए ट्रंप को यहां तक चेताया कि यह टकराव विश्व युद्ध जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर मादुरो को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो इसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका की यह कार्रवाई सिर्फ वेनेजुएला ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की शांति के लिए खतरा है। किम जोंग ने यहां तक कह दिया कि ऐसी कार्रवाइयों से विश्व युद्ध जैसी स्थिति ▶▶| शेष पेज 6 पर

- वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को कई देशों ने गलत ठहराया



### रूस समेत ये बड़े देश अमेरिका के खिलाफ

वेनेजुएला पर अमेरिका के इस कार्रवाई को कई देशों ने गलत ठहराया है। रूस से लेकर कोलंबिया, क्यूबा, चिली, मेक्सिको, ब्राजील, ईरान, स्पेन और जर्मनी तक। इन सभी देशों ने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा की है। रूस ने यहां तक कह दिया कि वेनेजुएला को अपना भविष्य खुद तय करने का अधिकार है और बाहरी सैन्य हस्तक्षेप अस्वीकार्य है। रूस ने संवाद के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया। वहीं कोलंबिया ने कहा कि वेनेजुएला पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। कोलंबिया ने यह साफ किया कि वह सैन्य टकराव नहीं चाहता, लेकिन शांति और मानव गरिमा की रक्षा जरूरी है। सुरक्षा कारणों से उसने वेनेजुएला सीमा पर अपनी सेना तैनात की।

### रूस ने समाधान निकालने की अपील

रूस ने भी अमेरिका की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है. रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ 'सशस्त्र आक्रामकता' की है, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। रूस ने कहा कि अमेरिका की ओर से दिए गए तर्क बेबुनियाद हैं और यह कदम कूटनीति के बजाय वैचारिक दुश्मनी से प्रेरित है। मॉस्को ने सभी पक्षों से तनाव बढ़ाने से बचने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है।

### *लगातार नजर रख रहा भारत*

*भारत ने कहा कि वह वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। विदेश मंत्रालय ने कहा, वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय हैं। हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का भी आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत वेनेजुएला के लोगों के कुशल-क्षेम और उनकी सुरक्षा के प्रति समर्थन की फिर पुष्टि करता है। हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।*

## छत्तीसगढ़ के सीएम साय ने दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में पत्रकारों को किया संबोधित

# छत्तीसगढ़ अब नक्सल नहीं, विकास की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान लंबे समय तक नक्सल प्रभावित राज्य के रूप में रही है, लेकिन अब प्रदेश निर्णायक रूप से विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को प्रदेश में भाजपा सरकार के सफलतम दो वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अंतर्गत अधिकांश वादों को धरातल पर उतारा गया है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय देश का ▶▶| शेष पेज 6 पर

### छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई औद्योगिक नीति से विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रखी गई है। अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। 1000 से अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष ▶▶| शेष पेज 6 पर

## 1500 करोड़ की जमीन घोटाला मामला

# आईएएस ने कलेक्टर रहते तय की थी रिश्वत की दर



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके आईएएस अधिकारी और गुजरात के सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्रकुमार पटेल को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि आईएएस अधिकारी और गुजरात के सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्रकुमार पटेल ने कथित तौर पर जमीन के इस्तेमाल में बदलाव (सीएलयू) के आवेदनों को मंजूरी देने के लिए 5 रुपए से 10 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक रिश्वत की दरें तय की थीं। पिछले दिनों ईडी ने राजेंद्रकुमार पटेल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने अहमदाबाद में एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश की गई रिमांड आवेदन में बताया कि सीएलयू आवेदन को जल्दी आगे बढ़ाने के लिए स्पीड मनी के तौर पर सुनियोजित तरीके से रिश्वत मांगी और वसूली गई। इसे गुजरात में जिला कलेक्टर के कार्यालय से काम करने वाले बिचौलियों के एक नेटवर्क के जरिए भेजा गया। डिजिटल सबूतों के अनुसार, रिश्वत के संग्रह का एक खाता था और उसे समय-समय पर जिला कलेक्टर के निजी सहायक को भेजा जाता था। ईडी ने कोर्ट में कहा कि 2015 बैच के आईएएस अधिकारी और तत्कालीन सुरेंद्रनगर कलेक्टर पटेल सीएलयू मंजूरी से जुड़े रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट में मुख्य लाभार्थी और अंतिम फैसला लेने वाले थे। इस मामले में ईडी की ओर से एक डिप्टी मामलतदार (राजस्व अधिकारी) चंद्रसिंह मोरी को उनके कार्यालय से गिरफ्तार किए जाने के एक हफ्ते पहले पटेल का बिना किसी पोस्टिंग के ट्रांसफर कर दिया गया था।

### क्या है मामला

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 1500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के मामले में गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को अरेस्ट किया है। 2जनवरी को ईडी की तीन टीमें गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले उनसे पूछताछ की गई। हाल ही में ईडी की टीम ने सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराजसिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्रसिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था।

### हर किसी का तय था हिस्सा

कुल रिश्वत में से कथित तौर पर 50 प्रतिशत पटेल को मिला, 10 प्रतिशत एक बिचौलिए ने रखा और बाकी रकम कलेक्टर कार्यालय के दूसरे अधिकारियों में बांटी गई, जिसमें रेजिडेंट एडिशनल कलेक्टर, एक मामलतदार और एक क्लर्क शामिल थे। अदालत ने पटेल को 7 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। जांच में अब तक 800 से अधिक सीएलयू आवेदनों का पता चला है, जिनमें कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी। इससे 10 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई हुई, जो अपराध की कुल कमाई का एक हिस्सा है।

# मस्क ने 'एक्स' से हटाए अश्लील कंटेंट कहा- उल्लंघन करने वालों पर लगेगा बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट 'एक्स' अवैध सामग्री को हटाएगी और ऐसी सामग्री अपलोड करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। एक्स ने रविवार को बताया कि वह जरूरत के अनुसार स्थानीय सरकारों के साथ काम करेगी। कंपनी के वैश्विक सरकारी मामलों के खाते से यह बयान जारी किया गया। इससे पहले उसने कहा था कि मंच की एआई सेवा 'ग्रोक' का उपयोग करके अवैध सामग्री बनाने वालों पर भी वैसी ही कार्यवाही होगी, जैसी अवैध सामग्री अपलोड करने वालों पर की जाती है। मस्क ने 'अनुचित छवियों' पर एक पोस्ट के जवाब में एक्स पर कहा, अवैध सामग्री ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सरकार का एक्शन, बैकफुट पर एलन



### क्या है मामला

नए साल की शुरुआत के साथ ही एक्स पर एक ट्रेंड वायरल होने लगा। कई यूजर्स ने ग्रोक एआई के इमेज एडिटिंग फीचर का गलत इस्तेमाल करते हुए महिलाओं, बॉलीवुड अभिनेत्रियों और सार्वजनिक हस्तियों की तस्वीरों को अनड्रेस करने या उन्हें बिकिनी में दिखाने के लिए एआई को कमांड दिए। हैरानी की बात यह रही कि ग्रोक ने इन निर्देशों का पालन करते हुए हजारों अश्लील और आपत्तिजनक तस्वीरें बना डालीं।

***भारत सरकार ने दिया था 72 घंटे का अल्टीमेटम:*** *भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक्स को एक बेहद सख्त नोटिस जारी किया है। सरकार ने एक्स को 72 घंटे का समय देते हुए प्लेटफॉर्म से सभी आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का आदेश दिया है। सरकार ने साफ कहा है कि अगर एक्स ने इन अश्लील तस्वीरों और इन्हें बनाने वाले अकाउंट्स पर लगाम नहीं लगाई, तो वह अपनी सेफ हार्बर सुरक्षा खो देगा। फिर यूजर्स द्वारा पोस्ट किए गए किसी भी गलत कंटेंट के लिए एक्स को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उस पर आपराधिक मामला चल सकता है।*

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता माकन होंगे संयोजक

# मनरेगा बचाओ संग्राम की निगरानी के लिए कांग्रेस की समन्वय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) की रक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत एक समन्वय समिति का गठन किया है। यह समिति योजना के कार्यान्वयन की निगरानी, मार्गदर्शन और समन्वय का कार्य करेगी। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर गठित इस समिति के संयोजक (कन्वीनर) वरिष्ठ नेता अजय माकन होंगे। समिति में जयराम रमेश, संदीप दीक्षित, डॉ. उदित राज, प्रियंक खड़गे, डी. अनसूया सीथक्का, दिपिका पांडे सिंह, डॉ. सुनील पंवार और मनीष शर्मा को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुख, तथा एआईसीसी के ओबीसी, एससी, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस विभागों और किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भी इस समन्वय समिति के सदस्य होंगे।

### कांग्रेस करेगी विरोध

कांग्रेस का कहना है कि यह समिति मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगी। ग्रामीण रोजगार, मजदूरी भुगतान तथा अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक समन्वय के साथ काम करेगी।

## भारतीय विमानन नियामक ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

# अब विमान में नहीं ले जा सकेंगे पॉवर बैंक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल अब फ्लाइट में पावर बैंक को चार्ज करना या फिर उसका इस्तेमाल करना पूरी तरह से बैन कर दिया गया है। दरअसल भारतीय विमानन नियामक (डीजीसीए) ने यह कदम लिथियम बैटरी में आग लगने की कुछ घटनाओं के मध्य नजर उठाया है। गौरतलब है कि अक्टूबर में दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई थी। हालांकि इस घटना में कोई चोटिल नहीं हुआ था लेकिन डीजीसीए ने इसके बाद कुछ सख्त कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने फ्लाइट के दौरान पावर बैंक को चार्ज करने या फिर पावर बैंक से अपने फोन या लैपटॉप जैसे किसी डिवाइस को चार्ज करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। नए ▶▶| शेष पेज 6 पर



### लिथियम बैटरी में क्या है समस्या?

लिथियम बैटरी की एक बड़ी समस्या है कि अगर उसमे आग लग जाए, तो वह बहुत तेजी से फैलती है और डिवाइस को बम की तरह उड़ा भी सकती है। इसके अलावा ओवरचार्जिंग, पुरानी बैटरी, खराब मैन्युफैक्चरिंग या डिवाइस के गिरने से भी लिथियम बैटरी में आग लग सकती है। इसके अलावा लिथियम बैटरी में लगी आग को बुझाना भी काफी मुश्किल होता है क्योंकि यह खुद ही जलती रहती है। इसी वजह से अगर पावर बैंक ओवरहेड बिन या बैगेज में हो, तो उसे जल्दी ढूंढना मुश्किल हो जाता है। डीजीसीए के अनुसार ऐसा होने पर आग का पता लगाने में देरी हो सकती है और साथ ही उसे बुझाने में हुई देरी से पूरी फ्लाइट खतरे में पड़ सकती है।

### पावर बैंक खरीदते समय बरतें ये सावधानियां

डीजीसीए के कड़े रुख के बाद हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि पावर बैंक खरीदते हुए कुछ बेसिक सावधानियों का ध्यान रखा जाए। सबसे पहले तो फ्लाइट में तय क्षमता से ज्यादा का पावर बैंक लेकर सफर न करें। इसके अलावा अगर पावरबैंक थोड़ा फी फूला हुआ है, तो उसे इस्तेमाल न करें और हवाई यात्रा में तो साथ बिलकुल न लेकर जाएं। गौर करें कि पावरबैंक ओवरहीट प्रोटेक्शन और ऑटो कट-ऑफ जैसे सेफ्टी फीचर्स के साथ आता हो। पावरबैंक अगर इस्तेमाल के दौरान गर्म हो जाता हो, तो उसका इस्तेमाल न करें और साथ लेकर बिलकुल भी यात्रा न करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि पावरबैंक को यात्रा के दौरान पूरा चार्ज न रखें। इसके अलावा सस्ते और चीप पावर बैंक न खरीदें। हमेशा ब्रैंडेड और अच्छी क्वालिटी के पावर बैंक ही इस्तेमाल करें।

### जान लें क्या है नियम

- हैंड लगेज में किसी भी तरह की नुकीली चीजें ले जाने की अनुमति नहीं है। चाकू, कैंची, रेजर ब्लेड, कीलें जैसे चीजें केवल चेक-इन बैगेज में ले जा सकते हैं। इसलिए आप भूलकर भी नुकीली चीज हैंड लगेज में न रखें।
- हैंड लगेज में 100एमएल से ज्यादा लिक्विड भी ले जाने की अनुमति नहीं है। परफ्यूम, शैम्पू या क्रीम या अन्य कोई लिक्विड चीज आप चेक-इन बैगेज में ही लेकर जाएं। इसके अलावा, किसी भी स्प्रे बोतल को भी हैंड लगेज में ले जाना सख्त मना है।
- हैंड लगेज के साथ-साथ चेक-इन बैगेज में भी सूखा नारियल ले जाने पर प्रतिबंध हैं
- विस्फोटक चीजें, जैसे पटाखे, फ्लेयर्स, खाली कारतूस, माचिस भी फ्लाइट में ले जाने की अनुमित नहीं ▶▶| शेष पेज 6 पर



जिले में धान खरीदी व्यवस्था में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कोनपारा में 6 करोड़ 55 लाख से अधिक के आर्थिक गबन का खुलासा हुआ है।

# जशपुर में 6 करोड़ 55 लाख का गबन, 6 अधिकारी-कर्मचारियों पर एफआईआर

## धान खरीदी में बड़ा घोटाला, कोनपारा केंद्र से खुली परतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मामले में थाना तुमला में 6 जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी राम कुमार यादव की लिखित शिकायत के आधार पर की गई। पुलिस ने शासन से धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितता के आरोप में बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 एवं 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने भुनेश्वर साय प्राधिकृत अधिकारी, जयप्रकाश साहू समिति प्रबंधक, शिशुपाल यादव फड़ प्रभारी, नितेन्द्र साय कम्प्यूटर ऑपरेटर, अविनाथ अवस्थी सहायक फड़ प्रभारी, चन्द्रकुमार यादव सह सहायक फड़ प्रभारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



### भौतिक सत्यापन में सामने आई सच्चाई

संयुक्त जांच दल द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में रिकॉर्ड और वास्तविकता के बीच बड़ा अंतर पाया गया। जिसमें ऑनलाइन रिकॉर्ड में खरीदी 1,61,250 क्विंटल, मिल, संग्रहण केंद्र में परिदान 1,40,663.12 क्विंटल, गायब (शॉर्टेज) धान 20,586.88 क्विंटल, रिकॉर्ड में दर्शाया गया शेष धान मौके पर मौजूद नहीं मिला, जिससे फर्जी एंट्रियों और हेरफेर की पुष्टि हुई।

### आर्थिक क्षति का विवरण

लापता धान 20,586.88 क्विंटल, कीमत 6,38,19,328 रुपए
नया बारदाना: 4,898 नग कीमत 3,51,676 रुपए
पुराना बारदाना: 54,239 नग कीमत 13,55,975 रुपए
कुल आर्थिक क्षति 6.55 करोड़ से अधिक की हुई है।

### किसान संगठनों की मांग

किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रत्येक केंद्र का भौतिक सत्यापन किया जाए, तो घोटाले का दायरा और बड़ा सामने आ सकता है।फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। आरोपियों की गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई को लेकर प्रशासन की भूमिका पर जिलेभर की निगाहें टिकी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### बकाया जमा करने में कोताही, 7 व्यावसायिक परिसर पर निगम का ताला



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने नए साल की शुरुआत के साथ बड़े बकायादारों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जोन 8 के राजस्व विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर संबंधित 7 व्यावसायिक परिसरों को ताला लगाकर सीलबंद कर दिया। इन संस्थानों पर नगर निगम का कुल 71 लाख 1 हजार 56 रुपए टैक्स बकाया है। इनमें रायपुरा स्थित पुष्प वाटिका मैरिज गार्डन भी शामिल है, जिस पर 46 लाख रुपए का टैक्स बकाया है। संत रविदास वार्ड के अंतर्गत आने वाले इस मैरिज गार्डन के संचालक सत्येन्द्र बिसेन और इंद्रजीत बिसेन द्वारा डिमांड बिल और अंतिम नोटिस के बाद भी राशि जमा न करने पर निगम की टीम ने तत्काल प्रभाव से गार्डन को सील कर दिया। निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा राजस्व महकमे को इस बार 400 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है। इसके एवज में 31 दिसंबर तक के दस जोन की राजस्व विभाग की टीम ने 100 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है, जबकि 300 करोड़ की राजस्व वसूली बाकी है। ऐसे में अब उनका फोकस बड़े बकायादारों पर है।

### दुर्लभ कैंसर के कारण सांस लेने में थी तकलीफ, डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान



**रायपुर।** दुर्लभ कैंसर की वजह से युवक को सांस लेने में तकलीफ थी, एम्स में इलाज की लंबी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज का ऑपरेशन कर ट्यूमर बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली गई। युवक को मेडियास्टाइनल जर्म सेल नामक ट्यूमर था। लगभग चार घंटे चली लंबी सर्जरी के बाद कैंसर के साथ कार्डियक सर्जरी के डाक्टरों की टीम ने गांठ को बाहर निकाला। पूर्व में मरीज का उपचार एम्स के कैंसर विभाग में चल रहा था, जहां बायोप्सी जांच में मेडियास्टाइनल जर्म सेल ट्यूमर की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में छाती के बीच स्थित गांठ पायी गयी, जो हृदय के समीप बड़ी रक्त नलियों से चिपकी हुई थी। उच्च जोखिम को देखते हुए एम्स रायपुर के चिकित्सकों ने पहले कीमोथैरेपी दी। इससे गांठ का आकार छोटा हो गया, तो मरीज को आगे के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग भेजा गया था। कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. आशुतोष गुप्ता ने जांच रिपोर्टों का गहन परीक्षण करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। गांठ की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए हृदय सर्जरी विभागाध्यक्ष से परामर्श लिया गया तथा निश्चेतना विभाग से सर्जरी की फिटनेस प्राप्त की गई। लगभग 3 से 4 घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी में गांठ को बाएं फेफड़े के एक हिस्से सहित अत्यंत निपुणता से निकाला गया।

## हर माह जिले के थानों में 13 सौ से ज्यादा एफआईआर

# राजधानी में साल में 90 मर्डर, 85 में आरोपी दबोच लिए गए, सड़क दुर्घटनाएं कम, लेकिन मृतक ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के अलग-अलग थानों में हर माह 13 सौ से ज्यादा एफआईआर दर्ज हो रही है। बिते वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर दिसंबर कर कुल 15 हजार 885 एफआईआर दर्ज हुई है। राजधानी में बढ़ते अपराध और बदलते ट्रेंड को देखते हुए पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया है। हालांकी वर्ष 2025 में वर्ष 2024 की तुलना में अपराध में नौ प्रतिशत के करीब गिरावट आई है। अपराध में गिरावट जरूर आई है, लेकिन हत्या जैसे जघन्य अपराध में वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में 78 हत्या की घटाएं घटित हुई है। वहीं वर्ष 2025 में 90 हत्या की घटनाएं घटित हुई है। वर्ष 2025 में राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हर दो माह में 15 हत्या की घटनाएं हुई है। एक्सपर्ट के अनुसार जनसंख्या तथा अपराध के आंकड़ों के अनुसार हत्या की घटनाएं ज्यादा है।

■ सड़क दुर्घटना में मामूली गिरावट लेकिन मृतकों की संख्या ज्यादा

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने पिछले एक साल में अपराध का लेखा जोखा पेश करते हुए बताया कि पिछले साल जो हत्या की घटनाएं हुई है। उनमें से 95 प्रतिशत मामलों के आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है। पांच हत्या के केश में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। क्षणिक आवेश में आकर हत्या की कोशिश करने की घटना पूर्व की तरह है। वर्ष 2025 में हत्या की कोशिश की 97 घटनाएं हुई है।

### सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ी

वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटना में कमी आई, लेकिन मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2024 में जहां 2079 सड़क दुर्घटना में 594 लोगों की मौतें हुई थी। दूसरे वर्ष 2047 सड़क दुर्घटना में 617 लोगों की मौतें हुई है।

### अपराध के आंकड़ों पर एक नजर

- हत्या - 90 - 85 निराकरण - 167 गिरफ्तार
- हत्या की कोशिश - 97 - 90 निराकरण - 213 गिरफ्तार
- डकैती 7 - सभी का निराकरण - 43 गिरफ्तार
- लूट 71 - 55 प्रकरण निराकरण - 137 गिरफ्तार
- नकबजनी - 473 - 187 निराकरण - 352 गिरफ्तार
- चोरी 1442 - 290 निराकरण - 422 गिरफ्तार
- बलवा 82 - 60 निराकरण - 356 गिरफ्तार
- ठगी - 292 - सभी निकारकरण - 170 गिरफ्तार
- नारकोटिक्स - 271 - सभी निराकरण - 445 गिरफ्तार।



### हर महीने 160 घरों के ताले टूट रहे

एसएसपी द्वारा पेश आपराधिक आंकड़ों के मुताबिक जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में प्रतिदिन औसतन पांच चोरी तथा नकबजनी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। एक साल में चोरी तथा नकबजनी की 1915 एफआईआर दर्ज हुई है। इस लिहाज से हर माह चोर औसतन 160 घरों के ताला तोड़ चोरी की घटना किए हैं।

### नारकोटिक्स एक्ट की पौने तीन सौ रिपोर्ट

नारकोटिक्स एक्ट के तहत पुलिस ने इस बार भी कार्रवाई की है। वर्ष 2024 में पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के 273 प्रकरण दर्ज कर पौने छह करोड़ के ड्रग्स के साथ अन्य सामान जब्त की थी। वर्ष 2025 में पुलिस ने 271 प्रकरण दर्ज कर 445 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 करोड़ 81 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की गांजा, ड्रग्स सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त की है।

### एनसीसीआर से सवा 11 करोड़ होल्ड

साइबर अपराध को लेकर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग (एनसीसीआर) पोर्टल में ऑनलाइन ठगी की कुल आठ हजार 680 शिकयतों में रेंज साइबर पुलिस ने 11 करोड़ 25 लाख 52 हजार 357 रुपए होल्ड कराया। इसके साथ ही पीड़ितों को 90 लाख रुपए से ज्यादा की राशि रेंज साइबर पुलिस ने वापस दिलवाने में मदद की।

### चोरी की रिकवरी रेट औसत से भी कम

वर्ष 2025 में एक हजार 442 चोरी की रिपोर्ट में पीड़ितों ने पांच करोड़ 64 लाख 90 हजार 536 रुपए के सोने-चांदी के जेवर, नगदी के साथ अन्य किमती सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज रिपोर्ट में पुलिस ने 20 प्रतिशत चोरी के मामले सुलझा पाई। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस महज 290 प्रकरणों को सुलझा पाई। इसी तरह चोरों से रिकवरी रेट भी औसत से कम रही। पुलिस ने कुल एक करोड़ 50 लाख 49 हजार 273 रुपए के माल चोरों से रिकवर कर पाई।

### चोरी,नकबजनी उठाईगिरी करने सात गिरोह

जिले में एक साल के भीतर जितनी चोरी, उठाईगिरी,नकबजनी की घटनाएं हुई है। उनमें प्रमुख रूप से सात गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है। इनमें दो लोकल पारधी तथा देवार गिरोह था शेष अन्य गिरोह में बिहार, कटिहार, महाराष्ट्र, नागपुर तथा पुणे, झारखंड, साहेबगंज तथा तामिलनाडु गिरोह से जुड़े अपराधी शामिल रहे।

## एक्सपो में राज्य के ऑटो डीलरों के दो सौ से ज्यादा स्टॉल सजेंगे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

गैर व्यवसायिक वाहनों में लाइफटाइम 50 प्रतिशत रोड टैक्स में छूट की घोषणा के साथ 20 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले ऑटो एक्सपो में सात नई गाड़ियों की लांचिंग होगी। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन तथा फाडा के अध्यक्ष विवेक गर्ग के अनुसार, इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में वाहनों की रिकार्ड बिक्री होने की उम्मीद है। ऑटो डीलर एसोसिएशन के अनुसार, इस बार पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा वाहन बिक्री होने की संभावना है। ऑटो डीलर एसोसिएशन के अनुसार वाहन बिक्री में वृद्धि होने की एक बड़ी वजह जीएसटी छूट मिलना है। ऐसी स्थिति में मध्यम रेंज की गाड़ियों की इस बार डिमांड ज्यादा रहेगी। ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए राज्य के अलग-अलग शहरों से दो सौ के करीब ऑटो डीलर ऑटो एक्सपो में स्टाल लगाएंगे। ग्राहकों को आकर्षित करने ऑटो डीलर उन्हें आकर्षक के साथ ही सरप्राइज उपहार देने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे वे ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर सकें।

### सात नई गाड़ियों की लांचिंग

ऑटो एक्सपो में सात नई गाड़ियों की लांचिंग की जाएगी। इनमें प्रमुख रूप से टाटा सहित अन्य कंपनियों की गाड़ियां शामिल हैं। एक्सपो में नए मॉडल की दोपहिया वाहन की भी लांचिंग की जाएगी। गाड़ी फायनेंस कराने वालों के लिए मौके पर फायनेंस कंपनियां उपस्थित रहेंगी। लोग मौके से ही अपने आवश्यक दस्तावेज के साथ डाउन पेमेंट देकर नई गाड़ी फायनेंस करा पाएंगे। ऑटो एक्सपो में वाहन खरीदने आने वाले लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए रोज शाम को सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्य की सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वाहन खरीदने आने वाले लोगों के लिए एक्सपो के बाहर फूड स्टाल भी लगाए जाएंगे। वाहन बिक्री के साथ ही नियमित आरटीओ के साइट में ऑटो डीलर अपने वाहन बिक्री का डेटा अपलोड करेंगे।

## बेटे की भरमार बंदूक से हत्या करने वाले पिता ने चुन ली मौत



घरेलू विवाद पर पिता ने गोली मार कर की बेटे की हत्या, पत्नी घायल
घटना के बाद बंदूक लेकर आरोपी फरार, जांच शुरू
पूर्व में भी चला चुका गोली
बेटे की मौके पर ही मौत
फरार हो गया है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पारिवारिक विवाद पर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के कुवारदल्ली गांव में 22 वर्षीय बेटे के ऊपर शुक्रवार रात को भरमार बंदूक से गोली दाग कर हत्या और पत्नी को घायल करने वाले आरोपी पिता ने अंतत फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। निरीक्षक अश्वनी राठौर ने पुष्टि करते हुए बताया कि हत्याकांड को अंजाम देकर बंदूक सहित फरार आरोपी का शव घटनास्थल से कुछ दूर डूमर के पेड़ पर फांसी पर लटका मिला है। इस तरह नशा और अति क्रोध में एक परिवार का अंत हो गया।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे संत कुमार उम्र 48 साल गांव के बाहर जंगल किनारे ईंट बना रहा था। रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शांति बाई के साथ विवाद हो गया। विवाद के बीच शांति बाई ने पति द्वारा झगड़ा तकरार करने की जानकारी फोन पर अपने बेटे शेखर उईके को दी। जिसके बाद तत्काल शेखर ईट भट्ठा में पहुंचकर अपने पिता को मां के साथ हो रहे वाद-विवाद पर समझाइश दे रहा था। नशे की हालत में अतिक्रोध में आकर पिता ने भरमार से बेटे के ऊपर गोली दाग दी। इस घटना में शेखर उईके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बंदूक का छर्रा शांति बाई के जबड़ा मे धंस गया, जिसे ग्रामीणों और परिजनों ने एंबुलेंस बुलवाकर अस्पताल पहुंचाया है। रात को घटना के वक्त वारदात स्थल पर ईंट बनाने वाले प्रत्यक्षदर्शी भी मौजूद थे।



■ घटनास्थल से कुछ दूर में फांसी में लटकी हुई मिली लाश

### बंदूक लेकर फरार हो गया था आरोपी

संत कुमार भरमार बंदूक से गोली चलाकर अपने बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद हाथ में बंदूक लेकर कोठार से लगे जंगल पहाड़ी की ओर मौके से फरार हो गया था। जिसे अंबागढ़ चौकी पुलिस और ग्रामीणों की अलग अलग टीम घटना के तत्काल बाद से सरगर्मी से तलाश कर रहे थे। बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद हाथों में बंदूक लेकर फरार हुए आरोपी संत कुमार के पास सिर्फ दो ही विकल्प था या तो इस जुर्म के लिए जेल या स्वयं के चुना हुआ मौत, इस मामले में भी यही देखने को मिला नशेऔर अतिक्रोध में बेटा की हत्या करने के बाद घटना के तीसरे दिन गोलीकांड घटनास्थल के नजदीक आरोपी का शव एक डूमर पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है।

## कांग्रेस का आरोप, दूसरे राज्यों को काम देने टेंडर की बदली शर्तें, 40 का राइस 70 में खरीदने की तैयारी

**रायपुर-राजनांदगांव।** राज्य सरकार के मार्कफेड महकमे के अफसरों द्वारा फोर्टिफाइड राइस की टेंडर प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। छत्तीसगढ़ के बजाय बाहरी राज्यों के मिलर्स को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर प्रक्रिया के दौरान ही नियम और शर्तों में बदलाव कर चुनिंदा मिलर्स को काम दिए जाने की साजिश रची गई है। टेंडर प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी के चलते पिछले साल 40 रुपए किलो में मिलने वाले फोर्टिफाइड राइस की इस साल 70 रुपए में सप्लाई होगी। इससे राज्य सरकार को करीब दो सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में

■ मार्कफेड एमडी ने कहा, निविदा भारत सरकार के मापदंड के आधार पर



फोर्टिफाइड राइस टेंडर प्रक्रिया 2025-2026 के लिए मार्कफेड ने पिछले 12 दिसंबर 2025 को आरएफपी जारी कर 29 दिसंबर तक टेंडर कॉल किए थे। इस टेंडर प्रक्रिया में रखे गए नियम और शर्तों से राज्य के करीब 90 फीसदी मिलर्स पात्र हो रहे थे, लेकिन इस बीच 26 दिसंबर को मार्कफेड ने अपने चेहते मिलर्स को फायदा पहुंचाने टेंडर के लिए निर्धारित नियम और शर्तों में अचानक बदलाव कर दिया, जिससे सिर्फ 20 फीसदी मिलर्स ही पात्र हो पाए हैं और शेष 80 फीसदी एफआरके प्लांट इस टेंडर प्रक्रिया से ही बाहर हो गए हैं।

### टेंडर निरस्त करे सरकार

जनहित, राज्यहित एवं शासन के वित्तीय हितों को ध्यान में रखते हुए एफआरके टेंडर की वर्तमान प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से व्यावहारिक एवं पारदर्शी शर्तों के साथ टेंडर जारी किया जाए। इससे सरकार के राजस्व को भी नुकसान नहीं होगा और राज्य के मिलर्स को भी काम मिल जाएगा।

**- अमरजीत भगत,** पूर्व खाद्य मंत्री

### मापदंड कड़े, नियमानुसार टेंडर

इस संबंध में माकफेड के एमडी जितेंद्र शुक्ला का कहना है कि निविदा नियमानुसार भारत सरकार से प्राप्त मापदंड के आधार पर आमंत्रित की गई है। मापदंड काफी कड़े हैं, इसलिए ऐसा हुआ है।

### सप्लाई बाधित होने की आशंका

छत्तीसगढ़ के बजाय बाहरी राज्यों के चुनिंदा मिलर्स को काम दिए जाने से भविष्य में एफआरके सप्लाई बाधित होने की भी आशंका है। यदि समय पर इसकी सप्लाई नहीं हुई तो राज्य के राइस मिलर्स को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ सकता है। एफआरके के उपलब्ध नहीं होने के चलते समय पर नान के गोदाम में चावल जमा नहीं हो पाएगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आपूर्ति भी प्रभावित होगी।

### 125 थे पात्र, शर्तें बदलने के बाद बचे 20

19 दिसंबर को जारी किए गए टेंडर में 125 मिलर्स न केवल पात्र थे, बल्कि उन्होने टेंडर भी भरा था। 26 दिसंबर को टेंडर में अंक आधारित कई शर्तें जोड़ दी गईं। जिसमें आरएफटी में 10 से 20 टन की क्षमता होनी चाहिए। पिछले तीन सालों में सप्लाई के आंकड़े और टर्नओवर सहित कई नियम जोड़े गए, जिसका फायदा चुनिंदा मिलर्स को दिया गया और उन्होने रिंग बनाकर टेंडर हथिया लिया है।

## ऑनलाइन हाजिरी का तरीका बदलने की मांग, प्रदेशभर में विरोध

# मोबाइल अटेंडेंस से निजी जानकारी लीक शिक्षकों ने सौंपी अश्लील फोन कॉल्स की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन दर्ज की जा रही है। लेकिन शिक्षक अब इसके विरोध में आ गए हैं। उनका आरोप है कि मोबाइल एप से हाजिरी लिए जाने की स्थिति में उनके फोन से व्यक्तिगत संपर्क नंबर सहित अन्य तरह की जानकारी लीक हो रही है। उनके नंबर पर अनजान नंबरों से अवांछित फोन कॉल्स आ रहे हैं। कई जिलों के शिक्षकों ने बकायदा इन फोन कॉल्स की सूची भी विभाग को सौंपी है, ताकि इन पर कार्रवाई की जा सके। शिक्षकों का कहना है कि यदि उपस्थिति ऑनलाइन ही दर्ज होगी तो सभी शासकीय विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाए। इससे ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज हो जाएगी और शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी भी सुरक्षित रहेगी।

■ शिक्षक संघ ने कहा- मोबाइल से उपस्थिति लेना निजता का हनन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव , संचालक को पत्र लिखकर विद्यालयों में मोबाइल-नेट सुविधा व बायोमेट्रिक पंच मशीन उपलब्ध कराए जाने का मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज कराने का निर्णय व्यवहारिक नहीं है। यह शिक्षकों की निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है, निजी मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति लेना अत्यंत आपत्तिजनक है।

### निजता के अधिकार का उल्लंघन

शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों के मोबाइल निजी हैं। निजी मोबाइल से शासकीय उपस्थिति दर्ज कराना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यदि शासन को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है, तो प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक (पंच) मशीन एवं स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। संघ का कहना है कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा और बिना विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है।

### निरीक्षण व्यवस्था का भरोसा नहीं

शिक्षक संघ ने शासन पर आरोप लगाया है कि मोबाइल एप से उपस्थिति लेने का आशय यह प्रतीत होता है कि शासन को अपनी निरीक्षण व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। वहीं दूसरी ओर, शासकीय कार्यों के लिए शिक्षकों को निजी मोबाइल का उपयोग करने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उनके व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। कई जिले में अनेक शिक्षक साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं। फर्जी डीपीआई अधिकारी, पुलिस अधिकारी या बैंक अधिकारी बनकर कॉल कर शिक्षकों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को और अधिक वित्तीय जोखिम में डालता है।शिक्षक संघ ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए, शासकीय कार्य के लिए प्रत्येक स्कूल को एक लैपटॉप प्रदान किया जाए।

बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026 | माघ कृष्ण पक्ष तृतीया | वर्ष: 25, अंक: 284 | पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य: 4.00***
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**नवंबर में बने थे शीतलहर के हालात, दिसंबर में पड़ी अच्छी ठंड, जनवरी भी ऐसा बीतने की उम्मीद**

जनवरी में प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

| वर्ष | रायपुर | अंबिकापुर | पेंड्रा |
|---|---|---|---|
| 2021 | 12.0 | 6.0 | 6.5 |
| 2022 | 10.8 | 6.0 | 5.4 |
| 2023 | 10.1 | 4.6 | 6.0 |
| 2024 | 12.6 | 4.5 | 6.6 |
| 2025 | 11.8 | 4.1 | 5.0 |

# पांच बरस में पहली बार जनवरी में पारा हाई पर हवा की दिशा बदलते ही रातें होंगी सर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आमतौर पर आने वाला पश्चिमी विक्षोभ ठंड को प्रभावित करता है। इस बार प्रशांत महासागर में ला-नीना के प्रभाव से मौसमी व्यवधान कम हुआ इसलिए ठंड ने नवंबर से ही अपना असर



दिखाया है, पर इस माह यानी जनवरी में इसकी शुरुआत ढीली रही है। पांच बरस में इस साल अभी तक यहां मौसम ज्यादा सर्द नहीं हुआ है। अलबत्ता हवा की दिशा बदलते ही ठंड बढ़ने और आने वाले दिनों में इसका जोरदार असर रहने का अनुमान है। अभी शीतलहर के दौर आएंगे। इस सीजन नवंबर में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पेंड्रा में तापमान कम

पिछले चौबीस घंटे में शुष्क हवा के कम होने की वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पेंड्रा को छोड़ बाकी सभी प्रमुख स्टेशनों में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। रायपुर का का तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा होकर 13.7 तक पहुंच गया था। अंबिकापुर में 1.2 डिग्री अधिक होकर 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पेंड्रा का न्यूनतम तापमान ही 7.6 था जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम रिकार्ड किया गया है।

### शीतलहर की संख्या ज्यादा रहने के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डा. गायत्री वाणी कांचिभोटला ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनवरी में मध्य भारत के कुछ इलाकों पूर्वी उत्तर प्रदेश और अन्य हिस्सों में शीतलहर वाली रातों की संख्या अधिक रहने की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही थी। इसका प्रभाव समाप्त होने के बाद अगले तीन दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की गिरावट होने की वजह से ठंड बढ़ने का अनुमान है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चंद्र ग्रहण पर 10 घंटे बंद रहेगा तिरुमला मंदिर



**तिरुपति।** चंद्र ग्रहण के कारण भगवान वेंकटेश्वर का तिरुमला मंदिर तीन मार्च को सुबह नौ बजे से शाम साढ़े सात बजे तक श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। 'ग्रहण के बाद 'शुद्धि' अनुष्ठान पूरे होने के बाद मंदिर श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। श्रद्धालु रात साढ़े आठ बजे फिर से दर्शन कर पायेंगे।

### नर्मदा नदी में डूबने से दो भाइयों की मौत

**सीहोर।** मप्र के सीहोर जिले में नर्मदा नदी में नहाने उतरे दो सगे भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम नर्मदा तट स्थित बाबरी घाट पर हुई। विकास रेहटी थाना क्षेत्र के महगांव जदीद गांव निवासी आत्माराम यादव के पुत्र विकास यादव (16) और शुभम यादव (15) अपने ताऊ भीम यदुवंशी के साथ जिले के बाबरी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हरदा लौट रहे थे।

### सेना प्रमुख द्विवेदी यूएई के दौरे पर रवाना




**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय दौरे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना हुए। जनरल द्विवेदी यूएई के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

### देवघर में कुएं में डूबने से मां-बेटी की मौत, जांच जारी

**देवघर।** झारखंड के देवघर में एक 25 वर्षीय महिला और उसकी नवजात बेटी की कथित तौर पर कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना पद्मपुर गांव की है। मृतकों की पहचान गुड़िया देवी और उनकी बेटी पीहू के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को सूचना देने के बाद शनिवार को दोनों के शव बरामद किए गए। हमने पीड़ितों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें देवघर के सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नेपाल में आया 4.3 तीव्रता का भूकंप



**काठमांडू।** नेपाल के उदयपुर जिले में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप के झटके शनिवार रात 10 बजकर 51 मिनट पर महसूस किए गए, जिसका केंद्र उदयपुर जिले के बागापाटी क्षेत्र में था। इससे पहले शनिवार सुबह पश्चिमी नेपाल के ताप्लेजुंग जिले में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

### लाल किला के पास ब्लास्ट मामले में सनसनीखेज खुलासा

# 'घोस्ट' सिम कार्ड के जरिए पाक में बैठे आकाओं के संपर्क में थे आतंकी!

*दिल्ली के लाल किले के पास पिछले साल 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। पता चला है कि एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से संपर्क में रहने के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड और एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल कर रहा था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जांच में हुए खुलासे से ब्लास्ट में हाई-टेक 'व्हाइट-कॉलर' टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल में शामिल उच्च शिक्षित डॉक्टरों ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड और एनक्रिप्टेड ऐप्स का एक जटिल जाल बुना था। इसी मामले के सामने आने के बाद भारत सरकार ने संचार नियमों में बड़े बदलाव किए है।

■ हर आरोपी डॉक्टर के पास होता था दो फोन

जांच अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए डॉक्टर मुजम्मिल गनई, अदील राथर और अन्य सहयोगी एक विशेष 'टैक्टिकल प्रोटोकॉल' का पालन कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि जांच में इस मॉड्यूल की ओर से अपनाए जाने वाले एक खास 'दो फोन' वाले तरीके का खुलासा हुआ। हर आतंकी के पास दो से तीन मोबाइल फोन होते थे। एक मोबाइल उनके अपने नाम पर रजिस्टर्ड होता था, उसका इस्तेमाल वे ▶▶|शेष पेज 6 पर

**कैसे खुला राज?**

*इस मॉड्यूल की कलई 18-19 अक्टूबर 2025 की रात को खुली, जब श्रीनगर के बाहर प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगे मिले। श्रीनगर के एसएसपी जी.वी. संदीप चक्रवर्ती के नेतृत्व में हुई जांच ने पुलिस को हरियाणा की यूनिवर्सिटी तक पहुंचाया, जहां से 'व्हाइट-कॉलर' आतंकियों की गिरफ्तारी हुई।*



### 'घोस्ट' सिम क्या होता है?

सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, 'घोस्ट' सिम एक ऐसा मोबाइल कनेक्शन होता है जिसे गैर-कानूनी तरीके से जारी किया जाता है या धोखाधड़ी से एक्टिवेट किया जाता है। यह असली यूजर से जुड़ा नहीं होता। ऐसे सिम कार्ड आमतौर पर नकली या गलत पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल करके हासिल किए जाते हैं। इसमें आम नागरिकों के आधार डिटेल्स का भी दुरुपयोग किया जाता है, या फिर वेरिफिकेशन नियमों को दरकिनार कर बड़ी संख्या में सिम कार्ड एक्टिवेट करवाए जाते हैं। जांचकर्ताओं का कहना है कि ऐसे सिम कार्ड अपराधियों और आतंकी गुटों को अपने आकाओं से बात करने और एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप इस्तेमाल करने की सुविधा देते हैं, जबकि वे आसानी से पकड़े नहीं जाते। यह दूरसंचार निगरानी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### डॉ. उमर ने रची थी ब्लास्ट की साजिश

लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी कार चला रहा डॉ. उमर-उन-नबी धमाके में मारा गया था। इस हमले में कुल 15 लोगों की मौत हुई थी। पाकिस्तानी हैंडलर्स ने इन डॉक्टरों को यूट्यूब के जरिए आईईडी असेंबली सिखाई थी। शुरुआत में ये डॉक्टर सीरिया या अफगानिस्तान जाकर लड़ना चाहते थे, लेकिन हैंडलर्स ने उन्हें भारत के भीतर ही 'हिंगरलैंड' हमले करने के लिए राजी किया। फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े इन डॉक्टरों के पास से 2,900 किलो अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर जैसे घातक विस्फोटक भी बरामद किए गए।

### अब सिम कार्ड के बिना नहीं चलेंगे ऐप्स

इस जांच के नतीजों के आधार पर दूरसंचार विभाग ने 28 नवंबर को एक बड़ा निर्देश जारी किया। अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे ऐप्स को डिवाइस में लगे एक एक्टिव, फिजिकल सिम कार्ड से लगातार लिंक होना होगा। सभी कंपनियों को 90 दिनों के भीतर यह सुनिश्चित करना होगा कि सिम कार्ड न होने पर ऐप काम न करे। अगर फोन से सिम निकाल दिया जाता है, तो मैसेजिंग ऐप्स अपने आप लॉग-आउट हो जाएंगे। यह नियम साइबर धोखाधड़ी और आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए लाया गया है।

### 20 साल की सजा काट रहा गुरमीत

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को 40 दिन की पैरोल

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहे और हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को रविवार को फिर से 40 दिन की पैरोल मिल गई। सिंह को इससे पूर्व पिछले साल अगस्त में 40 दिन की पैरोल मिली थी। सिंह को अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 2017 में 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।



डेरा प्रमुख और तीन अन्य लोगों को 16 साल से अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के मामले में 2019 में दोषी ठहराया गया था। सिंह को पिछले साल अगस्त में पैरोल के अलावा अप्रैल में 21 दिन की फरलो और पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले जनवरी में 30 दिन की पैरोल भी दी गई थी। इसी तरह, सिंह को अक्टूबर, 2024 को 20 दिन की पैरोल दी गई थी जो कि पांच अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले दी गई थी। अगस्त 2024 में सिंह को 21 दिन की फरलो मिली थी और उसे सात फरवरी, 2022 से भी तीन सप्ताह की फरलो की अनुमति मिली थी जो कि पंजाब विधानसभा चुनाव से महज दो सप्ताह पहले दी गई थी।

### कई बार पैरोल पर आया बाहर

इस हालिया पैरोल से पहले, सिंह 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद से कुल 14 बार जेल से बाहर आ चुका है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जैसी सिख संगठनों ने सिंह को राहत दिए जाने की आलोचना की है। पिछले 13 अवसरों में जब सिंह जेल से बाहर रहा उनमें से कई बार वह उत्तर प्रदेश के बागपत जिले स्थित डेरा के आश्रम में रहा। सिरसा मुख्यालय वाले डेरा सच्चा सौदा के हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और अन्य राज्यों में कई अनुयायी हैं। हरियाणा में डेरा के अनुयायियों की संख्या कई जिलों में काफी है, जिनमें सिरसा, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, कैथल और हिसार शामिल हैं।

### शेख हसीना की सीट पर भरा था नामांकन

# बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक, नामांकन रद्द



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में आगामी संसदीय चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एक प्रमुख हिंदू नेता गोबिंद चंद्र प्रमाणिक का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। यह घटना बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को होने वाले चुनावों से ठीक पहले हुई है, जिससे देश के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में हलचल मच गई है। प्रमाणिक ने गोपालगंज-3 सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया था, जो पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट रही है। इस सीट पर 50% से अधिक हिंदू मतदाता हैं, जो इसे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र बनाते हैं।

### गोबिंद चंद्र प्रमाणिक

गोबिंद चंद्र प्रमाणिक बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत के महासचिव हैं, जो कुल 23 संगठनों का एक हिंदुत्ववादी गठबंधन है। यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा हुआ है और बांग्लादेश में हिंदुत्व की विचारधारा को बढ़ावा देने का काम करता है। बीजेएचएम बांग्लादेश के विभिन्न इलाकों में 350 से अधिक वैदिक स्कूल चलाता है, जहां बच्चों को भगवद गीता सहित कई हिंदू ग्रंथों की शिक्षा दी जाती है।

### एक और हिंदू उम्मीदवार का नामांकन रद्द

गोबिंद चंद्र प्रमाणिक की तरह, एक और हिंदू उम्मीदवार, दुलाल बिस्वास का भी नामांकन वापस कर दिया गया है। दुलाल बिस्वास को एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी गोनो फोरम ने टिकट दिया था। चूंकि वह एक पार्टी के उम्मीदवार थे, उन पर 1% मतदाताओं के हस्ताक्षर का नियम लागू नहीं हुआ। हालांकि, उनके नामांकन को दस्तावेजों की कमी का हवाला देकर रद्द कर दिया गया और दुलाल बिस्वास ने नए सिरे से दस्तावेज जमा करने की बात कही है।

### हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा

चुनावी माहौल के बीच, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। भारत विरोधी नेता उस्मान हादी की 18 दिसंबर को हुई मौत के बाद से इस्लामिक संगठनों ने हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश में पिछले 15 दिनों के भीतर 4 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। 18 दिसंबर को ईशनिंदा के झूठे आरोप में दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी।

### भक्तों की भीड़...



**वाराणसी।** नए साल के पहले दिन से ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### ओडिशा के ढेंकनाल में हादसा

# अवैध खदान में चट्टान गिरने से दो की मौत, खदान सील

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पत्थर की एक अवैध खदान में चट्टान गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम मोटांगा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित खदान में उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पटनायक ने दुख जताया

इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने 'एक्स' पर लिखा, ढेंकानाल में पत्थर की खदान में विस्फोट के बाद चट्टान गिरने से श्रमिकों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। दुःख की इस घड़ी में मैं मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

### अब रात को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा मरीज और परिजनों को

# दिल्ली एम्स में आश्रय सुविधा, खाना भी मिलेगा मुफ्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहयोग से मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए रात्रि आश्रय सुविधा का संचालन शुरू किया है। इस पहल का मकसद ऐसे मरीजों और उनके तीमारदारों को सुरक्षित, आरामदायक और सम्मानजनक आश्रय सुविधा प्रदान करना है, जो बाह्य रोगी विभाग की सेवाओं के लिए रात से ही एम्स के बाहर कतारें लगाना शुरू कर देते हैं। एम्स-दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि भीड़भाड़ और रातभर लगने वाली कतारों की चुनौती से निपटने के लिए तैयार की गई।

### एम्स गेस्ट हाउस में रजिस्ट्रेशन प्रोसेस

इस विश्राम घर का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस भी काफी आसान है। यानी अगर किसी मरीज के डॉक्टर ने पर्ची पर यह लिखवा कर दे दिया कि अगली तारीख 10 दिन बाद 15 दिन बाद दी जा रही है। ऐसे में मरीज को विश्राम घर की सुविधा दी जाए, उसके बाद उन्हें सिर्फ विश्राम घर आना है, अपना पर्चा दिखाना है। एक मिनिमम अमाउंट 100 रुपए जितना जमा करना है और वह वहां तब तक रुक सकते है। जब तक उनका नंबर नहीं आता है।




### आश्रय सुविधा में कई व्यवस्था

आश्रय सुविधा में लगभग 250 लोगों के रात गुजारने की व्यवस्था है और वर्तमान में इतने ही लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, जो देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान में आने वाले मरीजों के बीच इस तरह की सहायता सेवाओं की मजबूत मांग को दर्शाता है। सुविधा केंद्र में मरीजों और उनके तीमारदारों को मुफ्त भोजन, साफ कंबल और स्वच्छ शौचालयों की सुविधा है।

### ऑनलाइन पंजीयन पर भी तवज्जो

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही एम्स ने इलाज के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब ऑनलाइन अपॉइंटमेंट वाले मरीजों और दूसरे अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीजों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने बताया कि एम्स छोटी-मोटी बीमारियों जैसे खांसी-जुकाम के लिए नहीं बना है। यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, जहां गंभीर और जटिल मामलों का इलाज होता है।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)



विशेष

नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च... यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है-

*'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥'*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।



सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा-

*भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।*

अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ !

***-नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।***

## विचार

विमल चोपड़ा



# पीने का साफ पानी नहीं दे पाना चिंता का विषय

21वीं सदी में जनता को हम पीने का साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं, यह हमारे लिए चिंता का विषय है। सरकार योजना बनाती है, राशि उपलब्ध कराती है, पर निचला अमला अपनी लापरवाही के कारण इन योजनाओं को पूर्ण सावधानी के साथ इसे अमली जामा नहीं पहना पाता। इसी लापरवाही के कारण स्थल चयन की गलती इंदौर जैसी घटनाओं को अंजाम देती है।" इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 8 लोगों की मौत का समाचार हतप्रभ करने वाला है। परंतु इस प्रकार की घटनाएं यदा-कदा, छोटी-मोटी देश के अनेक स्थानों से सुनने-पढ़ने को मिलती रहती हैं। इंदौर जैसे स्वच्छता का पुरस्कार पाने वाले देश के प्रथम शहर में हुई इस प्रकार की घटना के लिए कोई एक व्यक्ति या एक सरकार जिम्मेदार नहीं हो सकती। यह समय बीतने के साथ पाइपलाइन में होने वाले परिवर्तन का परिणाम है। इंदौर की इस घटना का पोस्टमार्टम करने पर निकलेगा कि वर्षों पहले डाली गई पाइपलाइन वर्षों पुरानी नाली से गुजर रही थी, वर्षों तक कुछ नहीं हुआ और वर्षों बाद अचानक यह घटना घटी और कलंक उसके माथे पर लगा जिसने न तो यह लाइन बिछाई और ना ही उसने वह नाली बनाई पर वर्षों का धरती के भीतर दबा लावा तो वर्तमान प्रशासन-शासन के कार्यकाल में धरती फाड़कर बाहर निकला।

इंदौर ही नहीं, मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में जहां अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। परंतु इंदौर में एक साथ इतनी मौतें व इतने अधिक लोगों का बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होना घोर प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। शिकायतें जनप्रतिनिधियों से होकर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचती हैं और उसकी गंभीरता विस्फोट के बाद ही समझ में आती है। यह हमारे संवेदनहीन समाज का चरित्र बन चुका है और जांच पर जांच होगी पर जिम्मेदारी शायद तय हो पाए और न ही हम कोई सबक सीखकर भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसका प्रयास करेंगे। इस प्रकार की भयंकर दुर्घटनाओं को रोकने का सार्थक प्रयास करने का समय अब आ चुका है।


10 वर्षों तक नगरपालिका अध्यक्ष का दायित्व निभाने के दौरान शहरी जल वितरण व्यवस्था को निकट से देखने का अवसर मिला, जिसमें अनेकों खामियां समझ में आयी पर लकीर के फकीर बने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया। आज भी लगभग सभी शहरों एवं गांवों में पेयजल वितरण की पाइपलाइन नालियों के नीचे या ऊपर या उनके भीतर से उन्हें क्रॉस करते हुए आगे बढ़ती है। जिससे इंदौर जैसी घटनाओं की आशंका लगभग प्रत्येक स्थान पर बनी रहती है और हमारा अमला इन सब बातों को नजरअंदाज करता हुआ लापरवाही पूर्वक आगे बढ़ता जाता है। ऐसे मामलों में बड़ी जिम्मेदारी तो प्रशासनिक अधिकारियों की होती है, साथ ही सीमित जिम्मेदारी एक स्तर तक के जनप्रतिनिधियों की भी होती है। नगरीय क्षेत्र में उस वार्ड का पार्षद एक सीमित दायरे में जिम्मेदार होगा क्योंकि ऐसी घटनाओं की प्रथम सूचना उस तक ही आती है और उसकी गंभीरता या लापरवाही घटना को छोटा या बड़ा बनाती है। एक पार्षद अपने वार्ड की सबसे गहरी जानकारी रखने वाला होता है। उसे वार्ड की पाइपलाइन, नालियों एवं अन्य भौतिक संरचनाओं की अच्छी जानकारी होती है। साथ ही जनसेवा के इस क्षेत्र को वह अपनी मर्जी से चुनता है, अतः वह नैतिक रूप से तो काफी हद तक जिम्मेदार होता है, परंतु प्रशासनिक स्तर पर उसकी जिम्मेदारी सीमित हो जाती है क्योंकि आदेशात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही का कोई अधिकार उसके पास नहीं होता, परंतु प्रशासन पर दबाव की नैतिक ताकत उसके पास असीमित होती है।

नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान पता चला कि पेयजल पाइपलाइन के अंडरग्राउंड होने की वजह से अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पाइपलाइन का लीकेज तो सामान्य बात है परंतु यह समस्या गंभीर रूप वहां धारण कर लेती है जहां नाली और पाइपलाइन का समागम होता है और इंदौर जैसी घटनाएं हो जाती हैं। रायपुर व अन्य शहरों में भी पीलिया आदि जल जनित बीमारियों की खबरें एक क्षेत्र से आती रहती हैं और सड़कों, नालियों, भवनों में दबी पाइपलाइन का लीकेज खोजने में काफी खोदा-खादी और ऊर्जा का अपव्यय होता है। कई बार तो महीनों बाद लीकेज का पता चल पाता है जबकि पूरी सड़क खोद दी जाती है। हमारे पास अंडरग्राउंड पाइपलाइन में लीकेज पता करने का कोई दुरुस्त सिस्टम नहीं है तो सब कुछ अंदाज में चलता है और काफी मानवीय और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। 24 घंटे पाइपलाइन में पानी का दबाव बने रहने के कारण नाली या गंदे स्थान का पानी लीकेज पाइपलाइन में प्रवेश नहीं कर पाएगा व लीकेज स्थान से निकलने वाला पानी का शीघ्र पता चल जाएगा और उसकी मरम्मत शीघ्र हो सकेगी।

इंदौर जैसी घटनाओं से बचने का एक उपाय यह हो सकता है कि पीने की पाइपलाइन निस्तारी की पाइपलाइन से अलग हो एवं यह अंडरग्राउंड के बजाय लोगों के घरों से चिपक कर चले जिससे लीकेज तत्काल दिखे और अवैध पाइपलाइन से चोरी स्पष्ट पता चले। पीने का पानी आरओ (**RO**) वाटर होगा जो टंकी में लगे प्लांट से सप्लाई होगा और आरओ (**RO**) का बाहर निकला पानी टंकी से निस्तारी पाइपलाइन में चला जाएगा। मीटर की व्यवस्था इसमें आवश्यक रहेगी।

*-पूर्व विधायक महासमुंद, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा*

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*- महेश चौबे, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।' मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।



## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।



## ट्रेंड

### परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*कराकस। अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अमेरिका लाया गया है, जहां उन पर ड्रग्स तस्करी में शामिल होने का मुकदमा चलाया जाएगा। फिलहाल मादुरो को ब्रुकलिन के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। अब इस पूरे हमले की योजना सामने आई है। अमेरिका ने महीनों तक सटीक योजना बनाकर पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया है।*

# अमेरिका ने ऐसे किया वेनेजुएला पर हमला

# 150 विमान, महीनों तक जासूसी, मादुरो के मकान की हूबहू कॉपी, अभ्यास, फिर सटीक निशाना

### एफ-22 लेकर ड्रोन तक का हुआ इस्तेमाल

अमेरिका ने इस अभियान में 150 से ज्यादा विमानों का एक साथ इस्तेमाल किया। इन्होंने वेनेजुएला के आसपास के 20 से ज्यादा हवाई अड्डों से उड़ान भरी। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष डैन केन ने बताया कि अभियान में एफ-22, एफ-35, एफ-18, ईए-18, ई-2, बी-1 बमवर्षक और अन्य सहायक विमानों के साथ-साथ रिमोट से संचालित ड्रोन भी शामिल थे। अमेरिका ने 2 जनवरी की रात 11:46 बजे ये अभियान शुरू किया था।

### अमेरिका को मादुरो के आवास की हर जानकारी थी

अमेरिका ने महीनों तक मादुरो की हर गतिविधि की जासूसी की। अमेरिका को पहले से पता था कि मादुरो क्या खाते हैं, कब कहां जाते हैं और उनकी सुरक्षा और परिसर कैसा है। जब सैनिक मादुरो के आवास में घुसे तो उन्होंने स्टील की दीवारों वाले एक कमरे में घुसने की कोशिश की, लेकिन सैनिकों ने उन्हें पत्नी समेत बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अपने कब्जे में ले लिया।



### मादुरो का नजदीकी शख्स मिला था सीआईए से

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए का एक गोपनीय आदमी वेनेजुएला में ही मौजूद था। इस शख्स ने अमेरिका को मादुरो की गतिविधियों से जुड़ी हर जानकारी मुहैया कराई। इसी आधार पर अभियान की योजना बनाई गई। यह साफ नहीं है कि सीआईए ने वेनेजुएला के इस शख्स को कैसे भर्ती किया, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें अमेरिका सरकार द्वारा मदुरो पर घोषित 400 करोड़ रुपये के इनाम की अहम भूमिका रही।

### अभ्यास के लिए बनाया गया मादुरो का हूबहू आवास

अमेरिकी सेना के डेल्टा फोर्स सहित सैनिकों ने मादुरो के घर की एक सटीक कॉपी बनाई और महीनों तक इसमें घुसने और मादुरो को पकड़ने का अभ्यास किया। सैनिकों के पास एक ब्लोटॉर्च थी, ताकि अगर मादुरो स्टील वाले कमरे में घुस जाए, तो उसका दरवाजा पिघलाया जा सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि अभियान के दौरान अमेरिका ने राजधानी काराकस की सभी लाइटें सुरक्षा के लिए बंद कर दी थी।

#### ऑपरेशन के चंद घंटों की कहानी

2 जनवरी को रात 11:46 बजे ट्रंप ने ऑपरेशन शुरू करने का आदेश दिया। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय किया। 3 जनवरी की रात 2:01 बजे अमेरिकी हेलीकॉप्टर मादुरो के आवास में उतरे। सुबह 4:29 बजे मादुरो को अमेरिकी विमानवाहक पोत पर चढ़ाया गया। इसके बाद एक विमान से शाम 4:30 बजे मादुरो को न्यूयॉर्क लाया गया। ट्रंप के मुताबिक, मदुरो को केवल आधे घंटे में ही पकड़ लिया गया था।

## खबर संक्षेप

### टीवी कलाकार जय दुधाने धोखाधड़ी में गिरफ्तार



**ठाणे।** रियल्टी टीवी शो से पहचान बनाने वाले जय दुधाने को एक कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दुधाने की गिरफ्तारी एक सेवानिवृत्त इंजीनियर द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के बाद हुई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दुधाने और उनके परिवार के चार सदस्यों ने शिकायतकर्ता को ठाणे में पांच व्यावसायिक दुकानें खरीदने का झांसा देकर उनसे 4.61 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की, जबकि ये दुकानें बैंक के पास गिरवी थीं।

### मैराथन के बाद किशोरी की हृदयाघात से मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के तलसारी इलाके में स्थित एक स्कूल में आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल करने के कुछ समय बाद 15-वर्षीय छात्रा रोशनी गोस्वामी की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दौड़ पूरी करने के बाद उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके बाद वह जमीन पर बैठ गई और फिर बेहोश हो गई। बालिका को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार को उस समय घटी जब वेलजी स्थित 'भारती एकेडमी इंग्लिश स्कूल' में क्रीड़ा दिवस पर 10वीं कक्षा की छात्रा रोशनी गोस्वामी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था।

### कुएं में डूबने से मां-बेटी की मौत, जांच जारी

**देवघर।** झारखंड के देवघर में एक 25 वर्षीय महिला और उसकी नवजात बेटी की कथित तौर पर कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना पद्मपुर गांव की है। मृतकों की पहचान गुड़िया देवी और उनकी बेटी पीहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को सूचना देने के बाद शनिवार को दोनों के शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस मृतक के मायके वालों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृत बच्ची का जन्मदिन दो जनवरी को था। उसी दिन पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ।

### कार्यवाहक सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर युवाओं व जनता का प्रदर्शन

# पाक में उथल-पुथल, गिलगित-बाल्टिस्तान में जेन-जेड के साथ सड़क पर उतरे लोग

*पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में एक बार फिर सियासी उबाल देखने को मिल रहा है। कार्यवाहक सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर युवा कार्यकर्ता ( जेन-जेड), विपक्षी दल और आम लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कार्यवाहक कैबिनेट में राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों को शामिल करके आगामी चुनावों की निष्पक्षता को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। लोगों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका। हालांकि बाद में विरोध प्रदर्शन धरने में बदल गया, जिस दौरान चिनारबाग स्थित रिवर रोड को अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया गया। बाद में पुलिस ने जीबी यूथ मूवमेंट के अध्यक्ष सहित आठ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। इन गिरफ्तारियों की कई राजनीतिक दलों ने निंदा की और विपक्षी नेताओं ने हिरासत में लिए गए लोगों की तत्काल रिहाई की मांग की।



**चिनारबाग से शुरू हुआ धरना देशभर में फैला**

जीबी यूथ मूवमेंट के नेतृत्व में गिलगित के चिनारबाग में शुरू हुआ धरना अब घांचे, नगर और शिगार जैसे अन्य जिलों तक फैल चुका है। गिरफ्तारियां, सड़क जाम और विपक्षी नेताओं की तीखी आलोचना के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। यह विरोध न केवल स्थानीय असंतोष को दर्शाता है, बल्कि पीओजीबी में चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### प्रदर्शनकारियों ने उठाया चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल

*पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक मंत्रिमंडल में नियुक्त कई व्यक्तियों के पहले से राजनीतिक संबंध रहे हैं या वे पिछली सरकारों में सेवा दे चुके हैं। उनका दावा है कि यह कदम एक तटस्थ अंतरिम व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के पूरी तरह विपरीत है। प्रदर्शनकारियों का तर्क था कि ऐसी नियुक्तियां चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाती हैं और चुनाव से पहले हेरफेर का रास्ता खोल सकती हैं।*

### जीबी यूथ मूवमेंट ने दी सरकार को चेतावनी

जीबी यूथ मूवमेंट के अध्यक्ष अजफर जमशेद ने चेतावनी दी कि यदि कार्यवाहक सरकार के गठन में परामर्श से युवाओं को बाहर रखा गया तो प्रदर्शन जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विरोध केवल गिलगित तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश के उन अन्य हिस्सों में भी फैलेगा जहां पीओजीबी के युवा रहते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा के पूर्व सदस्य सुल्तान अली खान ने अवामी एक्शन कमेटी घांचे के नेता जाकिर हुसैन काजिम और अन्य स्थानीय नेताओं के साथ मिलकर मंत्रिमंडल के गठन को अप्रतिनिधि और भेदभावपूर्ण करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। काजिम ने चेतावनी दी कि पीओजीबी के सीमावर्ती जिले घांचे को बाहर रखे जाने से निवासियों में गहरी निराशा बढ़ रही है और इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

#### सभी जिलों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य : पूर्व सीएम

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और पीओजीबी के अध्यक्ष हाफिज उर रहमान ने अपनी पिछली आपत्तियों को दोहराते हुए कहा कि सहमति वाले ढांचे में सभी जिलों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य है। कार्यवाहक मंत्रिमंडल में राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों को शामिल करने पर रोक होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन मानकों से विचलन होने पर चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास कम होने का जोखिम है।

# राहुल को कांग्रेस के सीएम ही नहीं पूछते तो वे कौन हैं जो उन्हें विदेश बुलाते हैं

### भाजपा ने उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी को भारत के इतिहास में सबसे अधिक विदेश यात्रा करने वाला विपक्ष नेता बताकर उनका मजाक उड़ाया और कांग्रेस से पूछा कि उन्हें इतनी बार विदेश यात्रा का निमंत्रण कौन देता है, जबकि उनकी राज्य सरकारें भी अपने कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति की मांग शायद ही करती हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल अब वियतनाम की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने उनकी विदेश यात्राओं को भारत-विरोधी ताकतों से जुड़ने और सरकार की आलोचना करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उनके बयानों से जोड़ा। त्रिवेदी ने दावा किया कि राहुल को उनकी पिछली विदेश यात्राओं की तरह ही कुछ भारत-विरोधी हस्तियों द्वारा आमंत्रित किया जाएगा।



#### तो वे कौन लोग हैं जो आपको विदेश बुलाते हैं

भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने पूछा कि आखिर फिर वे कौन लोग हैं जो उन्हें बार-बार विभिन्न देशों की यात्रा करने और भारत की आलोचना करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की अमेरिकी राजनेताओं के साथ हुई मुलाकातों की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं।

#### जांच की मांग भी तेज

वहीं भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने भी राहुल गांधी के विदेशी दौरों की जांच की मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी विदेश जाते हैं, तब भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने वाली चिट्ठियां और बयान सामने आते हैं। वल्लभ ने कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि राहुल गांधी किन लोगों से मिलते हैं और वे क्या बातें करते हैं, जिससे विदेशी नेता भारत के मामलों में टिप्पणी करने लगते हैं।

#### भारत विद्रोही हस्तियां ही उन्हें बुलाती हैं

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए कुख्यात हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मलेशिया, कोलंबिया और जर्मनी की हालिया यात्राओं के बाद अब वे वियतनाम जा रहे हैं। राहुल गांधी को भारत विरोधी हस्तियों द्वारा आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री या कॉलेज और विश्वविद्यालय भी लोकसभा नेता को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं करते हैं।

# बिहार चुनाव हार के बाद कांग्रेस ने चलाया डंडा, 43 नेताओं पर गिरी गाज

### कांग्रेस का सफाई अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन गंभीर उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। चुनाव नतीजों ने पार्टी नेतृत्व को आत्ममंथन के लिए मजबूर कर दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में 43 नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस फैसले को संगठन को मजबूत करने और भविष्य के लिए अनुशासन कायम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



पार्टी सूत्रों के अनुसार, इन नेताओं पर कार्रवाई की मुख्य वजह 'खुली बगावत' मानी जा रही है। कई नेताओं ने चुनाव के दौरान और बाद में वरिष्ठ नेतृत्व पर टिकट वितरण में रिश्वत और पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए थे। इन आरोपों को सार्वजनिक मंचों और मीडिया के सामने रखा गया, जिससे पार्टी को भारी असहजता का सामना करना पड़ा।

#### चुनाव परिणामों ने बढ़ाई मुश्किलें

बिहार विधानसभा की कुल 243 सीटों में से कांग्रेस पार्टी महज छह सीटों पर जीत दर्ज कर पाई थी। 14 नवंबर को आए चुनाव नतीजों के बाद पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा। खराब प्रदर्शन के लिए नेतृत्व, टिकट वितरण और संगठनात्मक फैसलों पर सवाल उठाए गए, जिससे पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचा।

**सात नेताओं को पार्टी से निष्कासन**

अनुशासनात्मक समिति की जांच के बाद अब तक सात नेताओं को कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है। इनमें बिहार कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार राजन और शकीलुर रहमान के साथ-साथ बांका जिले की पार्टी अध्यक्ष कंचना सिंह का नाम शामिल है।

### लद्दाख में सेना का जश्न-ए-फतेह 2024....



**द्रास।** लद्दाख के द्रास में भारतीय सेना ने 'जश्न-ए-फतेह 2026' नाम से विंटर कार्निवल का आगाज किया है। यह कार्निवल स्थानीय समुदाय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका मकसद कड़ाके की ठंड में भी जीवन का जश्न मनाना है। इस आयोजन में आइस हॉकी, तीरंदाजी और टेंट पेगिंग, मार्शल आर्ट्स जैसे खेल शामिल हैं। साथ ही, स्थानीय शिना, बाल्टी और पुरगी समुदायों के पारंपरिक नृत्य-संगीत का प्रदर्शन भी होगा।

### प्रेम विवाह के विरोध में बुलाई पंचायत में युवक की हत्या

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में प्रेम विवाह के विरोध में रविवार को बुलाई गई पंचायत के दौरान चाकू से हुए हमले में एक युवक की मौत हो गई तथा उसका एक रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के मानपुर गांव स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी अर्जुन ने गीता नामक युवती से करीब 10 दिन पहले प्रेम विवाह किया था। इस विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने पंचायत बुलाई थी। सूत्रों के अनुसार आरोप है कि पंचायत के दौरान युवती के पिता रामू ने अपने साथियों के साथ मिलकर अर्जुन के जीजा साहिबा और भाई सुरजीत पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में साहिबा की मौत हो गई।

### चुनावी सेवाओं को सरल व प्रभावी बनाने देशभर के नागरिक बनेंगे भागीदार

# ईसीआई नेटऐप को और बेहतर बनाने चुनाव आयोग ने 10 तक मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिक भागीदारी बढ़ाने और चुनावी सेवाओं को और सरल व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से देशभर के नागरिकों से नई ईसीआईनेट ऐप को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। नागरिक 10 जनवरी तक सुझाव सबमिट करें। इसके लिए सभी नागरिकों से ईसीआई नेटऐप ऐप डाउनलोड करने और उसमें दिए गए 'सब्मिट सजेशन' टैब के जरिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन सुझावों के जरिए ऐप और प्लेटफॉर्म को और ज्यादा बेहतर बनाया जाएगा। इस पूरे अभियान का नेतृत्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं। उनके साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी ईसीआई नेट ऐप परियोजना पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

#### अधिकारियों के सुझाव भी होंगे शामिल

चुनाव आयोग ने साफ किया है कि इस प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में केवल नागरिकों के ही नहीं, बल्कि सीईओ, डीईओ, ईआरओ, पर्यवेक्षक और क्षेत्रीय अधिकारी स्तर तक के उपयोगकर्ताओं के सुझाव भी शामिल किए जाएंगे। इन सभी फीडबैक की व्यापक जांच के बाद प्लेटफॉर्म को और अधिक सरल और यूजर-फ्रेंडली बनाया जाएगा।




#### इसी महीने ईसीआई नेटऐप की आधिकारिक लॉन्चिंग

चुनाव आयोग ने बताया है कि ईसीआई नेटऐप प्लेटफॉर्म को इसी महीने आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। यह आयोग के नेतृत्व में की गई प्रमुख डिजिटल पहलों में से एक है।

**40 ऐप्स को मिलाकर बना एक प्लेटफॉर्म :** ईसीआई नेट ऐप का विकास 4 मई, 2025 को इसकी घोषणा के बाद शुरू हुआ था। यह नागरिकों के लिए एक एकल और एकीकृत ऐप है, जो पहले मौजूद करीब 40 अलग-अलग चुनावी ऐप्स और वेबसाइटों को एक साथ जोड़ता है। इस ऐप में वोटर हेल्पलाइन ऐप , सी-विजिल, सक्षम, पोलिंग ट्रेंड, वोटर टर्नआउट ऐप, नो योर कैंडिडेट जैसे कई चुनाव से जुड़े एप्लिकेशन और वेबसाइट्स को एकीकृत किया गया है।

#### यहां से डाउनलोड कर सकते हैं ऐप

ईसीआई नेट ऐप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। चुनाव आयोग का कहना है कि इस प्लेटफॉर्म के जरिए चुनावी प्रक्रियाओं को और ज्यादा पारदर्शी, तेज और भरोसेमंद बनाया जाएगा। नए ईसीआई नेटऐप ऐप के परीक्षण संस्करण पहले ही बेहतर मतदाता सेवाओं को तेजी से सक्षम कर चुके हैं। अब मतदान प्रतिशत के रुझान और इंडेक्स कार्ड का प्रकाशन मतदान समाप्त होने के 72 घंटे के भीतर संभव हो गया है। पहले इसी प्रक्रिया में कई हफ्ते या यहां तक कि महीनों का समय लग जाता था।

**बिहार चुनाव और उपचुनाव में हुआ सफल ट्रायल**

ईसीआई नेटऐप ऐप को बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में हुए 2025 के उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक आजमाया गया था। इन चुनावों के दौरान मिले अनुभव और फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म में लगातार सुधार और परिष्कार किया जा रहा है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक 913/SEIAA, Chhattisgarh/EC/Coal Washery/Bilaspur/311, dated 22/01/2018. के द्वारा डायरेक्टर- श्री अशोक कुमार, मेसर्स तिवरता कोल बेनेफिशिएशन लिमिटेड, ग्राम-लिम्हा, तहसील - बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, उत्पादन क्षमता 0.96 एमटीपीए हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इनका अवलोकन एस.ई.आई.एए छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित हो।

**अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता**

# परीक्षा पे चर्चा : बच्चों से अधिक पालकों को दिलचस्पी, पंजीयन कराने देश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षा पे चर्चा में प्रदेश के छात्रों से अधिक पालकों को दिलचस्पी है। इसके लिए पंजीयन 11 जनवरी तक होंगे। छात्रों के साथ ही अभिभावक और शिक्षक भी प्रधानमंत्री की इस चर्चा में शामिल होने पंजीयन करा सकते हैं। अब तक के आंकड़ों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के 81 हजार 533 पालकों ने इसके लिए पंजीयन कराया है। यह पूरे देश में सर्वाधिक है। अर्थात पालक पंजीयन के मामले में छग देश में प्रथम स्थान पर है। अब तक छत्तीसगढ़ से 25.16 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें 22.75 लाख विद्यार्थी, 1.55 लाख शिक्षक और 81,533 पालक शामिल हैं। शासन निर्धारित तिथि तक 30 लाख पंजीयन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों को इसके लिए निमयिम रूप से प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों तक इसकी जानकारी समूचित रूप से पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है।

- 81,533 पालकों ने कराया पंजीयन, यह देश में सर्वाधिक – 11 जनवरी तक पंजीयन करा सकते हैं छात्रों संग अभिभावक व शिक्षक

### जिला स्तर पर समीक्षा बैठक

वहीं सभी वर्ग मिलाकर कुल पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। बलोदाबाजार जिले में सर्वाधिक 14,658 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 9,952 पालकों द्वारा पंजीयन किया गया है। शासन का कहना है कि इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे राज्य में अपनाई गई नवाचारपूर्ण रणनीतियां महत्वपूर्ण रही हैं। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की गई, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों पर ऑन-साइट पंजीयन की व्यवस्था की गई तथा युवा क्लब और "अंगना म शिक्षा कार्यक्रम" के माध्यम से समुदाय को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा मेला" से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण स्थलों पर ही पंजीयन की व्यवस्था भी की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को पंजीयन प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई गई और वहीं पर पंजीयन कराने में सहयोग दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षकों द्वारा बहुत बड़ी संख्या में पंजीयन किया गया।

## जिनके एक लाख से ज्यादा के बिल, ऐसे सवा सौ बड़े बकाएदारों पर भी एक्शन

# छोटे-बड़े बकाएदारों से रायपुर में वसूले 10 करोड़, लगातार की जा रही बिजली कट

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में दस लाख से ज्यादा बिजली के बकाएदारों पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बकाया वसूलने के लिए एक्शन ले रही है। राजधानी रायपुर में भी हजारों की संख्या में बकाएदारे हैं। जहां तक बड़े बकाएदारों का सवाल है तो प्रदेश भर में करीब छह हजार ऐसे बकाएदार हैं जिन पर एक लाख से ज्यादा का बकाया है। ऐसे बकाएदार रायपुर में 256 हैं। रायपुर में लगातार छोटे और बड़े बकाएदारों पर एक्शन लेकर उनकी बिजली कट करके बकाया वसूला जा रहा है। करीब एक माह में दस करोड़ की वसूली की जा चुकी है। रायपुर में 25 करोड़ का बकाया है। इस बकाया को पूरा वसूलने का अभियान चल रहा है।

0पॉवर कंपनी हर साल जितनी बिजली बेचती है, उसका पूरा पैसा उसको नहीं मिल पाता है। आम उपभोक्ता



भी नियमित रूप से बिजली का बिल जमा नहीं करते हैं। बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं में से आधे से ज्यादा तो बिल जमा ही नहीं करते हैं, लेकिन इनकी बिजली कभी कट नहीं होती है। लेकिन आम उपभोक्ताओं की बिजली जरूर कट कर दी जाती है। इस समय भी प्रदेश भर में लगातार अभियान चलाकर बकाएदारों की बिजली कट की जा रही है।

रायपुर के सर्किल वन के हजारों उपभोक्ताओं पर 25 करोड़ से ज्यादा बकाया होने पर इसके खिलाफ बीते करीब एक माह से लगातार अभियान चलाकर इनकी बिजली कट की जा रही है। जिनके घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं, उसके कनेक्शन तो सीधे गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम से ही कट हो जा रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को तत्काल बिल जमा करना पड़ रहा है। जिनके भी कनेक्शन कट हो रहे हैं, वे दौड़े-दौड़े बिजली दफ्तर पहुंच रहे हैं और अपना बकाया जमा कर रहे हैं। जिनका ज्यादा बकाया है, वे किस्तों में बकाया जमा करने की सुविधा लेकर एक किस्त जमा कर अपना कनेक्शन वापस जुड़वाने का काम कर रहे हैं। जहां एक तरफ छोटे बकाएदारों पर एक्शन हो रहा है, वहीं एक लाख से ज्यादा के बकाएदारों पर भी एक्शन लिया जा रहा है। रायपुर के सर्किल वन में 256 ऐसे बकाएदार थे जिन पर एक लाख से ज्यादा का बकाया था। इसमें से करीब सवाल सौ बकाएदारों से वसूली हो गई है। बचे बकाएदारों से भी वसूली हो रही है। जो बड़े बकाएदार किस्तों में बकाया देने के लिए सहमत हो रहे हैं उनकी बिजली कट नहीं की जा रही है।

### लगातार चलेगा अभियान

बकाएदारों पर लगातार अभियान चलेगा। चाहे छोटे हों या बड़े सभी पर एक्शन लिया जा रहा है। अब तक करीब 10 करोड़ की वसूली हो गई है। हमारे सर्किल में करीब 25 करोड़ का बकाया है। पूरी वसूली होते तक अभियान चलेगा।

**– महावीर विश्वकर्मा,**
अधीक्षण अभियंता सर्किल वन \

# खारुन नदी में जा रहा नाले का गंदा पानी, मूणत भड़के, कहा- जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ की तो नपेंगे

## महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप की उपस्थिति में 5 घंटे तक सरोना, चंदनीडीह क्षेत्र का दौरा



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने रविवार के सुबह 5 घंटे तक फील्ड पर रहकर शहर की ड्रेनेज, व्यवस्था और सरोना डंपिग यार्ड का निरीक्षण किया। चंदनीडीह में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान श्री मूणत तब बेहद नाराज हुए, जब उन्हें पता चला कि चिंगरी नाले का बदबूदार पानी सीधे खारुन नदी में मिल रहा है। अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से एसटीपी प्लांट लगाने का क्या औचित्य, जब नाले का दूषित पानी नदी में जा रहा है। आपकी हठधर्मिता का खामियाजा जनता क्यों भुगते? राजेश मूणत ने अधिकारियों को 5 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि चिंगरी नाले के पानी शुद्धिकरण के लिए तत्काल प्लान तैयार करें। इसमें राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। रायपुर पश्चिम विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया तो बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

- चिंगरी नाला का गंदा पानी नदी में मिल रहा, अधिकारियों को 5 दिन का अल्टीमेटम, सरोना डंपिंग यार्ड 80 फीसदी कचरा साफ, अब होगा सीमांकन

महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि रायपुर में इंदौर जैसी कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चंदनीडीह स्थित 75 एमएलडी एसटीपी प्लांट और स्कॉडा कंट्रोल रूम का जायजा लिया। मीनल चौबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खारुन नदी की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह सुनिश्चित करें कि नालों का गंदा पानी नदी में मिलने के बजाय सीधे प्लांट तक पहुंचे। चिंगरी नाला के प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान पता चला कि वहां भारी मात्रा में कचरा जमा है, जिसकी सफाई नगर निगम द्वारा नहीं कराई गई है। सिस्टम बनाने के बाद प्रापर सफाई नहीं होने पर महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को फटकार लगाई, और वहां अभियान चलाकर सुव्यवस्थित तरीके से सफाई करवाने अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि व्यवस्था के तहत नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो ना हो और पूरा पानी एसटीपी में जाए।

निरीक्षण दल रविवार की सुबह सबसे पहले सरोना डंपिंग यार्ड पहुंचा। यहां पोकलेन मशीनों से कूड़ा हटाने का काम अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। करीबन 80 फीसदी क्षेत्र साफ किया जा चुका है। रायपुर पश्चिम विधायक और महापौर ने अधिकारियों को शेष कार्य जल्द पूरा कराने और सरोना की रिक्त शासकीय भूमियों का तत्काल सीमांकन करने के निर्देश दिए। इन भूमियों पर जनहित की नई परियोजनाएं शुरू करने शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

चिंगरी और पीहर नाला के निरीक्षण दौरान विधायक राजेश मूणत ने अपना विजन साझा किया। इसके साथ ही सरोना बस्ती में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उन्होंने चंदनीडीह से सरोना होते हुए महादेवघाट तक एक बायपास रोड के निर्माण के लिए बजट में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार से स्वीकृत 9 करोड़ की राशि से बनने वाले भव्य उद्यान के लिए श्री मूणत ने सरोना स्थित शीतला मंदिर के पीछे रिक्त भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व अधिकारियों और पटवारी को जमीन का सीमांकन कर लेआउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद महेंद्र औसर, अपर आयुक्त विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, इमरान खान, जोन 8 कमिश्नर राजेवश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता रमेश पटेल सहित निगम अधिकारियों की उपस्थिति रही।



## पांच लाख से ज्यादा मतदाताओं को नोटिस

# एसआईआर में 2003 की सूची से मिलान नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। ऐसे मतदाता, जिनका एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना पत्र में वर्ष 2003 की एसआईआर मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है अथवा अंतर पाया गया है। ऐसे राज्य में नोमैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 6 लाख 40 हजार 145 है, जिसमें से ईआरओ/एईआरओ द्वारा लगभग 5 लाख 68 हजार 804 मतदाताओं के लिए नोटिस दिए किए जा चुके हैं।

- नो मैपिंग वाले मतदाताओं से मांगे गए हैं दस्तावेज

नोटिस प्राप्त होने पर संबंधित मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/ एईआरओ के समक्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य निर्धारित 13 दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियमानुसार सुनवाई तथा प्रस्तुत दस्तावेज का परीक्षण कर ईआरओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या न जोड़ने का निर्णय लिया जाएगा। ऐसे मतदाता, जिन्होंने अपना गणना पत्र नहीं भरा था, या किसी अन्य कारणों से उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं आ पाया हो, वे अपना नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए घोषणापत्र सहित फार्म 6 में अपना आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरण में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए घोषणापत्र सहित फार्म 8 में आवेदन कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किसी नाम के संबंध में आपत्ति प्रस्तुत करने या नाम विलोपन हेतु घोषणापत्र सहित फार्म 7 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। राज्यभर में अब तक नाम जोड़ने हेतु 28 हजार 881 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि नाम विलोपन हेतु 809 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं 11 हजार 28 ऐसे लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने सुधार करने के लिए आवेदन किया है।

### 14 फरवरी तक सुनवाई

सभी प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/एईआरओ द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 14 फरवरी तक सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र पाए गए दावों एवं आपत्तियों का विधिवत निर्णयन करते हुए 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि साप्ताहिक रूप से प्राप्त दावा एवं आपत्ति की सूची का अवलोकन कर सभी पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा अपात्र मतदाताओं के नाम विलोपन में सहयोग प्रदान करें।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 10 जनवरी से कांग्रेस का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने की घोषणा की है। ग्रामीण आजीविकाओं पर गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नामक एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके।

मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, जैसे महात्मा गांधी या डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा। 12 से 29 जनवरी पंचायत स्तर पर जनसंपर्क सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चरण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे।

# सदर इलाके में मेन पाइप लाइन से कनेक्शन देने आधा दर्जन स्थानों पर सड़क की खुदाई

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

## कुछ महीने पहले हुआ था सड़क डामरीकरण, ऊपर तक छोड़ दिए पत्थर, दुर्घटना का खतरा

नगर निगम जोन-4 क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के सदर बाजार इलाके में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत

उपभोक्ताओं को मेन लाइन से कनेक्शन देने के नाम पर सड़क उधेड़ी जा रही है, जिससे इस मार्ग पर आने-जाने वालों को खासी परेशानी हो रही है। लोगों के घरों के सामने, मुख्य मार्ग, बिजली पोल के समीप बेतरतीब तरीके से सड़क खुदाई कर पाइपलाइन डाली जा रही है। ये वही सड़क है, जिसका कुछ माह पहले डामरीकरण किया गया था, पर दोबारा सड़क खुदाई करने से सड़क की दुर्गति हो गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गंज मंडी और मोतीबाग पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर शहर के 14 वार्डो में 175 किलोमीटर की नई पाइपलाइन बिछाकर लोगों के घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिया जा रहा है। इसके लिए अच्छी- खासी सड़क को उधेड़कर पाइपलाइन डालने का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है। भुक्तभोगियों का कहना है, पाइपलाइन डालने के बाद संबंधित सड़क को सही तरीके से पाटकर व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। सड़क के ऊपर बड़े पत्थरों को वैसे ही छोड़ दिया गया है। सदर बाजार में दुकानों के सामने सड़क खुदाई से भी लोग परेशान हैं। यह स्थिति पारख ज्वेलर्स वाली सड़क के सामने, सुरेश बुक डिपो के समीप बीच सड़क पर गड्ढा खोदकर पाइपलाइन डाली गई है। जबकि इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है, जिससे ट्रैफिक का दबाव आए दिन बना रहता है।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि सदर इलाके में ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने पूर्व में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ लेने नया कनेक्शन नहीं लिया, उनके द्वारा डिमांड किए जाने पर सड़क खुदाई कर नया कनेक्शन दिया जा रहा है। सदर बाजार के कुछ हिस्से और कमासीपारा में पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत लोगों ने की है। इसलिए टीम भेजकर पाइपलाइन में पानी का प्रेशर जांचने सड़क खुदाई करानी पड़ी। अनुबंधित एजेंसी के प्रेशर ट्रांसमीटर में जांच करने पानी का प्रेशर संबंधित पाइंट पर कम आया। सड़क खुदाई कर जांच की तो पता चला, वहां चोक है और मिट्टी फंसी है। उसे क्लीयर किया गया है। अब दोबारा प्रेशर चेक करेंगे।

### दुर्गानगर मामले पर ओछी राजनीति न करें कांग्रेसी

**रायपुर।** मनोनीत पार्षद एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य टीटी बेहरा ने ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि सिविल लाइंस वार्ड के दुर्गानगर में हाउसिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण परियोजना का क्रियान्वयन होना है। इस पर काबिज 130 मकानों का हाउसिंग बोर्ड ने नगर निगम के नियमानुसार पैसा भी जारी कर दिया है। दुर्गानगर में निवासरत 130 लोगों को कचना के अटल आवास में आवंटन दे दिया गया है। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक आमजनों के संबंध में वित्तमंत्री को पत्र लिख चुके हैं।

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


## शब्द पहेली - 6099



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6098 का हल



## सूडोकु नवताल - 6109

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप




### शोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी शोभा लिमिटेड ने बताया कि मजबूत आवास मांग के बीच चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़कर 2,115.2 करोड़ रुपये हो गई। बेंगलुरु स्थित शोभा लिमिटेड ने पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,388.6 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची थी। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने दिसंबर तिमाही में अब तक का सबसे अधिक 2,115 करोड़ रुपये का रियल एस्टेट बिक्री मूल्य दर्ज किया।

### डी-मार्ट की आय 13% बढ़कर 17,612 करोड़

**नई दिल्ली।** खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की




तीसरी तिमाही में एकल आधार पर आय 13.15 प्रतिशत बढ़कर 17,612.62 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से आय 15,565.23 करोड़ रुपये थी। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शुक्रवार को बीएसई को अपने आय संबंधी विवरण की जानकारी दी।

### बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ करेगी पेश

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को अपना



आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा।

### गुवाहाटी में कपड़ा मंत्रियों का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में बृहस्पतिवार से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह



जानकारी दी। इस सम्मेलन का विषय 'भारत का कपड़ाः बुनाई विकास, विरासत और नवाचार' है। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्रीय और राज्य कपड़ा मंत्रियों तथा केंद्र एंव राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना है।

### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आयातकों द्वारा काफी लंबे समय से जारी, सोयाबीन डीगम तेल की आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के परिणामस्वरूप डीगम तेल का



आयात घटने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। इस साप्ताहिक मजबूती को तेल कीमतों के उछाल के रूप में नहीं समझना चाहिये क्योंकि सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली और बिनौला जैसे तिलहन के दाम अपने-अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से पर्याप्त नीचे बने हुए हैं।

# भारत में बंद होने जा रही टोयोटा की पापुलर कार इनोवा क्रिस्टा, दो दशक किया राज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टोयोटा इनोवा वह गाड़ी थी जिसने भारत में एमपीवी सेगमेंट को परिभाषित किया था। इनोवा और इनोवा क्रिस्टा ने मिलकर बीते दो दशकों से इस सेगमेंट पर राज किया है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि यह एमपीवी अपने लाइफ साइकल के अंत की ओर बढ़ रही है। ऑटोकार की रिपोर्ट के मुताबिक, टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करने की तैयारी कर रही है। इनोवा क्रिस्टा आज भी उन खरीदारों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो एक समझदारी भरी, बिना झंझट वाली प्रीमियम एमपीवी चाहते हैं, जो भरोसेमंद हो। हालांकि, आने वाले सख्त कैफे 3 नियमों की वजह से क्रिस्टा को बंद किया जा रहा है। टोयोटा ने पहले ही इन नए नियमों के लिए रणनीति बना ली है और पेट्रोल हाइब्रिड्स को अपना रास्ता चुना है। आने वाले मेनेक्स में टोयोटा की लाइनअप में और भी हाइब्रिड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। इनोवा हाईक्रॉस इसका एक उदाहरण है।

## टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करेगी

### हाइब्रिड पोर्टफोलियो

हाइब्रिड पोर्टफोलियो से टोयोटा को सुपर क्रेडिट्स मिलेंगे, जो किसी भी कार निर्माता के लिए फायदेमंद हैं, खासकर जब वह कैफे 3 नियमों को पूरा करने का लक्ष्य रखता है। हर मजबूत हाइब्रिड वाहन को कैफे लकुलेशन में दो वाहनों के बराबर गिना जाता है, जिससे कंपनी के लिए अपने फ्लीट के सीओ टारगेट्स को पूरा करना आसान हो जाता है। फिलहाल, टोयोटा की हर इनोवा हाईक्रॉस हाइब्रिड की बिक्री कंपनी के कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल कंजम्पशन को डीजल एसयूवी और एमपीवी की तुलना में दोगुना कम कर रही है।



### फॉर्च्युनर का क्या होगा?

अगर अन्य मॉडलों से तुलना करें तो इनोवा क्रिस्टा जैसी डीजल एमपीवी फ्यूल कंजम्पशन बढ़ाने में योगदान देती है, और यही वजह है कि टोयोटा ने क्रिस्टा को बंद करने का फैसला लिया है। टोयोटा अब कैफे नियमों के तहत पेट्रोल हाइब्रिड्स पर ज्यादा फोकस करेगी। अभी यह साफ नहीं है कि टोयोटा अपने सभी मॉडलों, जैसे फॉर्च्यूनर, से डीजल इंजन पूरी तरह बंद करेगी या नहीं। हालांकि बाजार में इनोवा हाईक्रॉस मौजूद है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह इनोवा क्रिस्टा के जाने से जो खालीपन आएगा, उसे पूरी तरह भर नहीं पाएगी।

### इनोवा हाईक्रॉस

यह फैसला इनोवा हाईक्रॉस की लांचिंग के समय लिया गया था। लेकिन जब हाईक्रॉस लांच हुई, तो टोयोटा को सेमीकंडक्टर की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब कंपनी ने देखा कि इनोवा हाईक्रॉस की वेटिंग लंबी है और इनोवा क्रिस्टा या डीजल एमपीवी की मांग अब भी बनी हुई है, तो टोयोटा ने क्रिस्टा को फिर से बाजार में उतारने का फैसला किया।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग का सुझाव, कर नीति प्राथमिकता के आधार पर हो दुरुस्त

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर सरकार को कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

■ उपभोग बढ़ाने के नाम पर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

## इससे आयकर व जीएसटी दोनों मदों में राजस्व नुकसान हो रहा

### सरकार को कर नीति सही करना होगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, ''केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है।''



### घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा

गर्ग ने कहा, ''इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।''

### राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह नरम

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है।

### कर नीति सभी प्रकार के निवेश पर समान हो

यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

### बचतकताओं को अपने विवेक से निर्णय लेने दें

गर्ग ने कहा, ''बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई बचत योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।''कर सुधारों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, ''आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए।''

# वेनेजुएला पर अमेरिकी नियंत्रण से मिल सकता है भारत का अटका हुआ बकाया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्लेषकों और उद्योग सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अमेरिकी नियंत्रण अथवा उसके पुनर्गठन से भारत को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। विश्लेषकों ने बताया कि इस घटनाक्रम के चलते काफी समय से लंबित भारत के लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये की वसूली हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि भारत एक समय वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक था और अपने चरम काल में प्रतिदिन चार लाख बैरल से अधिक का आयात करता था। हालांकि, 2020 में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनुपालन जोखिमों के कारण यह आयात बाधित हो गया था। भारत की प्रमुख विदेश तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) पूर्वी वेनेजुएला के 'सैन क्रिस्टोबल' तेल क्षेत्र का संयुक्त संचालन करती है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण आवश्यक तकनीक, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित होने से वहां उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और व्यावसायिक रूप से उपयोगी भंडार लगभग फंस गए।



### दावों का निपटान लंबित है

वेनेजुएला सरकार ने इस परियोजना में ओवीएल की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी पर 2014 तक देय 53.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभांश अभी तक नहीं चुकाया है। इसके बाद की अवधि के लिए भी लगभग समान राशि बकाया है, किंतु ऑडिट की अनुमति न मिलने के कारण इन दावों का निपटान लंबित है।

### अमेरिका प्रतिबंधों में ढील दे सकता है

विश्लेषकों के अनुसार, यदि अमेरिका वहां के तेल भंडार को अपनी निगरानी में लेता है, तो प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। इसके बाद ओवीएल गुजरात और अन्य क्षेत्रों से रिग एवं अन्य उपकरण भेजकर उत्पादन में वृद्धि कर सकती है। इस समय यह उत्पादन घटकर मात्र 5,000 से 10,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है।

## लग्जरी कार खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में 'जीएसटी 2.0' सुधारों के बाद लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं।

■ जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद तीन प्रतिशत की गिरावट आई

वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध



निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, ''अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3 प्रतिशत घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं।''

अय्यर ने कहा कि यह उतार-चढ़ाव शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में ज्यादा है, और मर्सिडीज-बेंज इंडिया के ज्यादातर ईवी मॉडल अत्यधिक लग्जरी खंड के हैं।

### कीमतों में औसतन 6.7 फीसदी की कमी आई

बरार ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमतों में औसतन 6.7 प्रतिशत की कमी आई है।

## तंबाकू उत्पादों पर कर वृद्धि से तस्करी का जोखिम

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू पर उत्पाद शुल्क की नई संरचना के साथ करों में अभूतपूर्व वृद्धि से सिगरेट के अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है। इसके चलते देश को महत्वपूर्ण कर राजस्व की हानि भी हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधनों को अधिसूचित किया। इसके तहत एक फरवरी से प्रभावी होने वाले प्रावधानों में सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 40 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। नतीजतन सिगरेट की विभिन्न श्रेणियों में कुल कर वृद्धि 60-70 प्रतिशत तक हो जाएगी। इस समय कुल कर भार लंबाई के आधार पर लगभग 50-55 प्रतिशत है। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्नीरु ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर 'अवगुण वाली वस्तुओं' पर उत्पाद शुल्क लगाने के प्रस्तावित बदलाव से तंबाकू उत्पादों और सिगरेट की तस्करी बढ़ने की चिंता पैदा हो गई है।


■ सरकार को राजस्व हानि की आशंकाः विशेषज्ञ

# एफआईआई के रुख से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस



सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी।

वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।'' पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

### कच्चे तेल पर भी रहेगी नजर

पोनमुडी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

## ओएनजीसी खाली कुओं में करेगी सीओ2 का भंडारण

**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की योजना गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र के खाली हो चुके कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड का भंडारण करने की है। यह कंपनी के पहले पूर्ण स्तर के कार्बन संग्रहण एवं भंडारण (सीसीएस) पायलट और इसकी अकार्बनीकरण रणनीति में एक बड़ा कदम है। अधिकारियों ने कहा कि इस पायलट परियोजना में दो




छोड़े गए तटवर्ती कुओं का उपयोग किया जाएगा, ताकि उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में प्रतिदिन लगभग 100 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का भंडारण किया जा सके। सीओ2 को दहेज क्षेत्र के नजदीकी औद्योगिक स्रोतों के साथ ही ओएनजीसी के अपने हजीरा संयंत्र से लिया जाएगा और गांधार के कुओं तक पहुंचाया जाएगा।

## बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषयः इरडा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में 'गलत बिक्री' एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए 'मूल कारण विश्लेषण' करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, 'अनुचित व्यावसायिक व्यवहार' (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। इस प्रकार, कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 19.33 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.14 प्रतिशत हो गई है। 'गलत बिक्री' का अर्थ उपभोक्ताओं को नियम, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में सही जानकारी दिए बिना बीमा उत्पादों की बिक्री करना है। इरडा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में कहा, ''गलत बिक्री को रोकने या कम करने के लिए बीमा कंपनियों को उत्पाद की उपयुक्तता का आकलन करने, वितरण चैनल पर उचित नियंत्रण लागू करने और गलत बिक्री की शिकायतों के समाधान के लिए योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### गलत बिक्री से ग्राहकों पर बढ़ता है प्रीमियम का बोझ

वित्त मंत्रालय ने भी कॉरपोरेट शासन की सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए बैंकों और बीमा कंपनियों को ग्राहकों को बीमा पॉलिसियों की 'गलत-बिक्री' के प्रति बार-बार आगाह किया है। गलत बिक्री के कारण अक्सर ग्राहकों पर प्रीमियम का बोझ बढ़ जाता है, जिसके चलते पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण नहीं कराते और पॉलिसी बंद होने के मामले बढ़ जाते हैं।

## एल्युमिनियम और कॉपर की कीमतों ने छुआ ऑल-टाइम हाई

# एसी, बाथ फिटिंग और किचन का सामान होगा महंगा!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल जैसी धातुओं में तेजी से एसी, बाथ फिटिंग और किचन में बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमत 3,000 डॉलर प्रति टन से अधिक हो गई है, जो कि बीते तीन वर्षों में सबसे ऊंची कीमतें हैं। कॉपर का दाम ऑल-टाइम हाई 12,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया कि इन धातुओं विशेषकर कॉपर की कीमतों के उम्मीद से अधिक बढ़ने के कारण कई निर्माताओं की इनपुट लागत बढ़ गई है और वह और अधिक भार वहन करने में असमर्थ हैं, जिसके चलते एसी, किचन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बाथ फिटिंग्स और कुकवेयर के दाम बढ़ सकते हैं।

## कॉपर 12,000 डॉलर प्रतिटन के पार निकल गया

### महंगे हो सकते हैं बाथवेयर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर हाल ही में कॉपर का दाम 1,300 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। मार्जिन को बनाए रखने के लिए कई मैन्युफैक्चरर्स कीमतों में 5-8 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं। बाथवेयर बनाने वाली कंपनियां भी दबाव का सामना कर रही हैं, क्योंकि तांबे पर आधारित धातु पीतल की कीमतों में वित्त वर्ष की शुरुआत से दोहरे अंकों में बढ़ोतरी हुई है।



### कॉपर की कीमत में भारी उछाल

बार-बार आपूर्ति में रुकावटों के बीच कॉपर ने 2009 के बाद से सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। इंडोनेशिया, चिली और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में माइनिंग दुर्घटनाओं और चिली की एक बड़ी खदान में मजदूरों की हड़ताल ने उपलब्धता को कम कर दिया है, जबकि ट्रेड की अनिश्चितताओं के कारण अमेरिका को शिपमेंट में तेजी आई है।

### इंडोनेशिया ने भी उत्पादन में की कटौती

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुनिया के सबसे बड़े प्रोड्यूसर इंडोनेशिया द्वारा प्रोडक्शन में कटौती की योजनाओं का संकेत देने और पीटी वेल इंडोनेशिया की एक खदान में अस्थायी रोक के कारण छोटी अवधि में आपूर्ति की चिंताओं के बाद निकेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई। कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल में ही नहीं, बल्कि सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। 2025 में सोने ने करीब 65 प्रतिशत और चांदी ने 145 प्रतिशत के आसपास का रिटर्न दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 183 जवानों की...

ऊर्फ मुक्का के खिलाफ सुकमा जिले में 41 व एसीएम माड़वी हितेश 14 मामले में वान्टेड थे, दोनों माओवादी अपने टीम के साथ कई बड़ी संगीन गंभीर वारदातों एवं निर्दोष ग्रामीणों के हत्याओं में भी शामिल रहे हैं। पुख्ता सूचना मिली थी कि दक्षिणी क्षेत्र किस्टाराम थाना स्थित पामलूर के जंगलों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूद है इसी के आधार पर सुकमा डीआरजी द्वारा सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया था। अभियान दौरान सुबह से सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में 12 माओवादियों के शव एवं हथियार सहित बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में पांच महिला भी शामिल हैं। बरामद हथियार में एके 47 रायफल व मैगजीन समेत 30 राउंड, एसएलआर रायफल मय मैगजीन 10 राउंड, इंसास रायफल व मय मैगजीन 26 राउंड, बीजीएल लॉन्चर 4 व सेल 11 नग, 12 बोर रायफल 3 व 8 राउण्ड, एक वायरलेस सेट तथा दो नग स्कैनर सेट बरामद किया गया है।

### इन घटनाओं के...

मेटागुड़ा एर्राबोर आईईडी विस्फोट हमला 8 सुरक्षाकर्मी शहीद, 2007 में ताड़मेटला पुलिस नक्सली मुठभेड़ 12 सुरक्षाकर्मी शहीद, 2009 में आरिसगुड़ा इंजरम आरओपी ड्यूटी राशन ट्रेक्टर पर आईईडी विस्फोट हमला 7 सुरक्षाकर्मी शहीद तथा 4 ग्रामीण की मौत, 2010 में ताड़मेटला चिंतागुफा हमला 76 जवान शहीद, 2014 में पेटापाड़ भेज्जी में पुलिस पर गोलीबारी 3 जवान शहीद, 2015 में पिड़मेल चिंतागुफा पुलिस नक्सली मुठभेड़ 7 सुरक्षाकर्मी (पीसी शंकरराव समेत) शहीद 14 घायल, 2017 में बुकापाल चिंतागुफा हमला 25 जवान शहीद, 2017 में बोंकापारा भेज्जी पुलिस नक्सली मुठभेड़ 12 सुरक्षाकर्मी शहीद तथा 2 घायल, 2020 में मिनपा चिंतागुफा हमला, 17 जवान शहीद तथा 9 जून 2025 को कोण्टा ढोढरा गिट्टी क्रेशर खदान में आईईडी ब्लास्ट हमला, जिसमें एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे शहीद तथा डीएसपी व टीआई घायल हुए थे।

### चीन भड़का, उत्तर...

बन सकती है। इस दौरान उत्तर कोरियाई नेता ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में जबरन दखल दे रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के राष्ट्रपति को इस तरह गिरफ्तार करना अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। चीन ने रविवार को अमेरिका से वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को "तुरंत" रिहा करने तथा "संवाद व बातचीत के माध्यम से मुद्दों को हल करने" का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा, अमेरिका द्वारा अपदस्थ किए गए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। इसमें कहा गया कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है। बयान में कहा गया, चीन अमेरिका से अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें तुरंत रिहा करने, वेनेजुएला सरकार को गिराने का प्रयास रोकने तथा संवाद एवं बातचीत के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आह्वान करता है। इससे पहले शनिवार को मंत्रालय ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हवाई हमलों और मादुरो तथा उनकी पत्नी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए इसे एक वर्चस्ववादी कृत्य बताया जो अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर रूप से उल्लंघन करता है। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमलों और मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी की घोषणा किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि वह एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ अमेरिका द्वारा बल का खुलेआम इस्तेमाल किए जाने और उसके राष्ट्रपति के खिलाफ कार्रवाई से बेहद स्तब्ध है तथा इसकी कड़ी निंदा करता है। **वेनेजुएला में आखिर सत्ता किसके हाथ में** -अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर देश से बाहर ले जाए जाने के बाद देश के लोग यह समझने के लिए परेशान रहे कि उनके राष्ट्र की बागडोर आखिर किसके हाथ में है। वेनेजुएला के उच्च न्यायालय ने उपराष्ट्रपति पद संभाल रहीं डेल्सी रोड्रिगेज को राष्ट्रपति का पद अंतरिम रूप से संभालने का आदेश दिया। वेनेजुएला के अधिकारी सैन्य अभियान में बच गए और कम से कम फिलहाल तो वे अपने पदों पर काबिज हैं। इस बात का तत्काल कोई संकेत नहीं मिला कि अमेरिका वेनेजुएला की सरकार का संचालन कर रहा है। हालांकि, अदालत के आदेश से पहले रोड्रिगेज ने मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की तत्काल रिहाई की मांग की तथा अमेरिकी अभियान की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया।

### छत्तीसगढ़ अब नक्सल...

लगभग 70 प्रतिशत नक्सल प्रभावित क्षेत्र छत्तीसगढ़ में था और उस दौरान राज्य सरकार की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा था। लेकिन भाजपा सरकार के गठन के बाद नक्सलवाद के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई की गई है। आज नक्सलवाद अपने अंतिम चरण की ओर है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे की समय सीमा तय की है, जिसे हासिल करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीएम साय ने कहा कि दो वर्ष पूर्व जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया था। आज छत्तीसगढ़ पहले से अधिक सशक्त और सुदृढ़ राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 15 वर्षों की पूर्ववर्ती सरकार ने प्रदेश में विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी थी, जबकि कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष भ्रष्टाचार और घोटालों में बीते। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब, किसान, महिलाएं, युवा और जनजातीय समाज सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। बीते दो वर्षों में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर अंत्योदय के संकल्प को साकार किया गया है। धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के साथ लगातार तीन सीजन में की गई, जिससे किसानों की आय और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और खेती लाभ का व्यवसाय बनी है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत 22 किश्तों में 14,306 करोड़ रुपये 70 लाख महिलाओं को दिए गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की गई, जिससे 13 लाख परिवार लाभान्वित हुए हैं। 73 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त राशन और 5.62 लाख भूमिहीन मजदूरों को 10,000 रुपये वार्षिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हुए बड़े नक्सली नेताओं का न्यूट्रलाइजेशन किया गया है और आत्मसमर्पण को प्रोत्साहन मिला है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास के तहत 10,000 रुपये मासिक सहायता दी जा रही है। पूर्व नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क, बिजली, पानी और स्कूलों का तेजी से विस्तार हुआ है। बस्तर का विकास मिशन मोड में किया जा रहा है और नियद नेल्ला नार योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा मिला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों से स्थानीय जनभागीदारी बढ़ी है। **कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक विस्तार**- मुख्यमंत्री ने बताया कि रेलवे, सड़क और एयर कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक विस्तार हुआ है। एक्सप्रेस-वे से बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है और 47,000 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। विकसित भारत की तर्ज पर वर्ष 2047 के लिए 'अंजोर विज़न डॉक्यूमेंट' तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित राज्य की दिशा में अग्रसर है।

### छत्तीसगढ़ की...

प्रोत्साहन दिया जा रहा है। लॉजिस्टिक पार्क और रायपुर में एयर कार्गो सुविधा विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि 400 से अधिक प्रशासनिक सुधार किए गए हैं। पुराने कानूनों को समाप्त या सरल बनाया गया है। शासन को पूरी तरह डिजिटल किया गया है और ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली में तेजी आई है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज किया गया है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन तथा राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है।

### मस्क ने 'एक्स'...

बनाने के लिए ग्रोक का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे, जैसा कि अवैध सामग्री अपलोड करने वालों के साथ होता है। एक्स के वैश्विक सरकारी मामलों ने अवैध सामग्री पर मस्क के रुख को दोहराया। इसमें कहा गया, हम एक्स पर बाल यौन शोषण सामग्री सहित अवैध सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, इसे हटाकर, खातों को स्थायी रूप से निलंबित करके और आवश्यकतानुसार स्थानीय सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं।

### अब विमान में...

नियमों के मुताबिक फ्लाइट के दौरान आप पावर बैंक को विमान की सीट में लगे पावर सॉकेट से भी नहीं जोड़ सकते। इसके अलावा पावर बैंक सिर्फ हैंड बैगेज में ही साथ ले जाए जा सकेंगे और इन्हें ओवरहेड बिन या चेक-इन बैगेज में रखना मना है। इसके अलावा हवाई यात्रा में अपने साथ सिर्फ 100 वाट-आवर से कम क्षमता वाले पावर बैंक के साथ ही यात्रा की जा सकेगी।

### जान लें क्या...

गैर-पर्चे वाली दवाएं कैबिन लगेज में ले जा सकते हैं, लेकिन चेक-इन बैग में इसकी इजाजत नहीं 00 ड्रोन कैमरे को हैंड/कैबिन लगेज में ले जाने की अनुमति नहीं है। हालांकि इसे चेक-इन बैग में ले जाया जा सकता है।

### पांच बरस में...

शीतलहर के हालात बने थे और दिसंबर भी अच्छी ठंड के साथ गुजरा है। जनवरी में आने वाले दिनों में अच्छी ठंड रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पिछली बार राज्य में ठंड सीमित दिनों के लिए अपना असर दिखा पाई थी। सामान्यतः ठंड का व्यापक असर उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग में होता है। इस बार मध्य हिस्से में भी ठंडी हवाओं से लोगों की कंपकपी छूटी है। आने वाला पश्चिमी विक्षोभ अपने साथ नमीयुक्त हवा लेकर आता है जो तापमान में लुढ़कने से रोकता है। इस बार ऐसा विक्षोभ काफी कम संख्या में रहा जिससे ठंड की उपस्थिति लंबे समय तक प्रदेश हैं। इसकी वजह ला-नीना के प्रभाव को माना जा सकता है जिससे प्रशांत महासागर सामान्य से ठंडा है। इससे नवंबर के दौरान ही राज्य के शीतलहर की स्थिति बन गई थी। दिसंबर में सरगुजा संभाग के कई क्षेत्रों में पाला जमने और न्यूनतम तापमान एक-दो डिग्री तक पहुंच था। मध्य हिस्से यानी दुर्ग और रायपुर के कुछ हिस्सों में रात में कोल्ड-वे के हालात बने थे। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से जनवरी की तीन रातें सामान्य से ज्यादा तापमान के साथ गुजरा है। अब इसमें गिरावट आने का दौर शुरू होगा और शेष दिनों में ठंडा का खासा प्रभाव रहने की उम्मीद है।

### 'घोस्ट' सिम कार्ड...

अपनी रोजमर्रा की निजी और पेशेवर बातचीत के लिए करते थे ताकि किसी को शक न हो। दूसरा फोन, जिसे 'आतंकी फोन' कहा गया, उसका इस्तेमाल वे सिर्फ पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से वॉट्सऐपऔर टेलीग्रामके जरिए एनक्रिप्टेड तरीके से बात करने के लिए करते थे। अधिकारियों ने बताया कि इन दूसरे फोन में इस्तेमाल होने वाले सिम कार्ड उन आम नागरिकों के नाम पर जारी किए गए थे, जिनके आधार डिटेल्स का दुरुपयोग किया गया था। इसी के साथ, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने भी एक अलग रैकेट का पर्दाफाश किया, जिसमें नकली आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिम कार्ड जारी किए जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुजम्मिल गनाई और अदील राथर शामिल थे। वहीं, एक मुख्य आरोपी डॉ. उमर-उन-नबी लाल किले के पास विस्फोटकों से लदे वाहन में गाड़ी चलाते समय मारा गया था। पाकिस्तान में बैठे आकाओं की पहचान 'उकासा', 'फैजान' और 'हाश्मी' जैसे कोड नामों से हुई।

### अवैध खदान में...

का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन सेवा, ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) और श्वान दस्ते बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। ढेंकनाल के जिलाधिकारी आशीष ईश्वर पाटिल और पुलिस अधीक्षक अभिनव सोनकर बचाव कार्य की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, "उपलब्ध जानकारी के अनुसार, खदान में केवल दो ही लोग मौजूद थे और दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। एक मृतक बालासोर जिले का था, बताया जा रहा है दूसरा क्योंझर या मयूरभंज जिले का रहने वाला था। दोनों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि खदान में विस्फोट की अनुमति सितंबर में समाप्त हो चुकी थी, जबकि खदान की पट्टा अवधि दिसंबर 2025 में समाप्त हो गई थी। पाटिल ने कहा, पट्टा अवधि समाप्त होने के बाद भी खदान में विस्फोट और खनन जारी रखा गया। इस मामले में खदान के पट्टाधारक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ आने वाले दिनों में अभियान और तेज किया जाएगा। हादसे के बाद पत्थर की खदान को सील कर दिया गया है। तहसीलदार मनोज मांझी ने बताया कि खदान क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति वहां प्रवेश न कर सके।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में कार्य करने हेतु स्टॉफ (युवक एवं युवती) की आवश्यकता है मेडिकल स्टोर्स मे कार्य किये को प्राथमिकता सम्पर्क करें- रज्जब अली एण्ड सन्स सिम्स चौक बिलासपुर (39558)

**आवश्यकता है**-त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल (रेसिडेंशियल) सरगांव हेतु रिसेप्शनिस्ट, टेलिकॉलिंग, मार्केटिंग (फीमेल) तथा ड्राइवर एवं इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल सरगांव सिटी ऑफिस F38, अम्बे प्लाजा, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 7610365130, 9009989437 (39560)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर स्थित सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल हेतु लम्बे, तगड़े, सुरक्षा गार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन एवं अन्य सुविधाएं शासकीय नियम अनुसार अपने मूल दस्तावेज एवं आधार कार्ड के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। मिलने का समय शाम 4बजे से 6बजे तक पता बी.एस.सी प्रा.लि फर्स्ट फ्लोर दुकान नम्बर F29, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने अम्बे प्लाजा तिफरा बिलासपुर 9202580757 (39559)

**आवश्यकता है**-मेडिकल स्टोर में कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- जानकी मेडिकल भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर 9098685395 (39524)

**आवश्यकता है**-मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (39545)

**आवश्यकता है**-रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, कटर-फिटर,इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, गार्ड, कम्पयूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी स्टोर कीपर, सुपरवाईजर 5वीं-ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री पता नेहरू नगर बिलासपुर 9285058360 (39535)

**आवश्यकता है**
ट्रैवल्स ऑफिस में
(1) टैक्सी ड्राइवर- 10
(2) एकाउंटेन्ट- 1
(3) आफिस स्टाफ-3
वेतन योग्यता अनुसार
अनुभवी को प्राथमिकता
सम्पर्क करें
TRAVEL ZONE
स्वर्ण रेसिडेन्सी
राजकिशोर नगर बिलासपुर
9522365005

**आवश्यकता है**-थोक दवा दुकान में कम्प्यूटर में कार्य किये 2 लड़कों की एवं साथ ही पैकिंग कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार तेली पारा बिलासपुर (2644)

**आवश्यकता है**-OMMI कम्पनी को तत्काल 45 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास बिलासपुर 8003402269, 6393559091 (1484)

**आवश्यकता है**-लड़के एवं लड़कियों की दुकान में काम करवाने हेतु आवश्यकता है कृपया सम्पर्क करें- राजपाल ट्रेडर्स करबला रोड बिलासपुर 9685029222, 94242 43515 (39546)

**आवश्यकता है**-शॉप के लिए 2 लड़के/ 2 लड़की चाहिए अकाउंट की जानकारी हो सम्पर्क करें- यश ट्रेडर्स शॉप नं.-2 GS प्लाजा जीत टॉकीज के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9770651992, 9329085957 (39549)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम में काउन्टर सेल्स के लिए कार्य हेतु 25 लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अर्बन लिविंग मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8109090000, 83193 97645 (39553)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर शहर में फास्ट फूड और चाइनीज, इंडियन कांटिनेंटल बनाने के लिए अनुभवी शेफ (chef) की आवश्यकता है असिस्टेंट के साथ। सम्पर्क करें- 8349360608, 78691 02530, 7869102531 (39533)

**आवश्यकता है**
चश्मा शोरूम
में काम करने के लिए
लड़के
की आवश्यकता है
वेतन योग्यतानुसार
-:सम्पर्क करें:-
सपना चश्मा घर
सिटी कोतवाली के पीछे तेलीपारा रोड़ बिलासपुर
7024597793

**आवश्यकता है**-आफिस मे कार्य हेतु युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- PRO Solar Energy Company कालिन्दी कुंज, किचन गार्डन रेस्टोरेंट के पास, गौरव पथ रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 9993316757 (39552)

**आवश्यकता है**-हास्टल मे, साफ सफाई के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें-पी. पुरी, मित्र विहार, नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड, बिलासपुर 93409 69592, 7828803577 (39534)

**आवश्यकता है**-टेन्ट हाऊस में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी 5 अंको में सम्पर्क करें- 9827189233 (39554)

**आवश्यकता है**-(1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (39540)

**आवश्यकता है**-घर की गाड़ी गाड़ी चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी प्राथमिकता। ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716 (39531)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स, कम्पाउंडर एवं अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (39514)

**आवश्यकता है**-अनुभवी सिविल इंजीनियर (बीई सिविल) 1पद, अनुभवी साइट सुपरवाइजर 2पद (साइट पर काम करा सके) अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार पता-सत्य साईं बिल्डर फर्स्ट फ्लोर राजीव प्लाजा 9425530627 (39529)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में Spa और ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिये युवती/ महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता फ्रेशर भी सम्पर्क करें- 6399166000 (39541)

**आवश्यकता है**-फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित प्रातः 10 से 12 तक सम्पर्क- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39528)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-06, जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है**-एजेंसी में कार्य हेतु इच्छुक गार्ड, योग्यता 10वीं, 12वी पास अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 9500 से 10000 कार्य स्थल बिलासपुर 2 पहिया, 4 पहिया वाले, समय 11-7 तक सम्पर्क करें- A/4 Associates, अशोक नगर चौक 9425534940, 99816 30084 (451)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 5000+ कमीशन सम्पर्क करें- विनोबा नगर बिलासपुर 9039234207 (448)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में माल छोड़ने ट्रान्सपोर्ट में जाने हेतु लड़के चाहिए कार्य अवधि 10:30 से रात 9बजे तक वेतन 7000 से 10000 सम्पर्क- प्रीमीयर एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेली पारा बिलासपुर (39536)

**आवश्यकता है**-दुकान में माल निकालने/ जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेंसी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (452)

## बेचना है

**बेचना है**-सकरी में TnC अप्रूव्ड कॉलोनी 80% बैंक फाइनेंस मात्र 1290 रुपये Sqft में लेने के लिए सम्पर्क करें- 9770468361, 87704 13397, 8104963081 site visit free from office (450)

**बेचना है**-सरस्वती कालेज के सामने 100फ्रन्ट में 13080 वर्गफुट सेन्दरी पेन्ड्रीडीह हाइवे पर निरतु कोनी, बिलासपुर में 132फिट 24852वर्गफुट 225 फ्रंट 49704 वर्गफुट, सेन्दरी में 92फ्रंट 13800 वर्गफुट प्लाट सम्पर्क -9300878897 (39542)

**बेचना है**-गोकुल धाम उसलापुर बिलासपुर मे 25×40 =1000 वर्गफुट में बना हुआ सर्व सुविधा युक्त नव निर्मित मकान अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 9340252857 (39544)

**बेचना है**- दोमुहानी वार्ड नम्बर 43 बिलासपुर मे डायवर्टेड प्लाट 50×45= 2250 वर्गफुट चारो तरफ से वाउंड्रीवाल से घिरा बेचना है फिक्स रेट 760 रूपए प्रति वर्गफुट खरीददार ही सम्पर्क करें- 9827150471 (39532)

**बेचना है**-हार्मोनियम न्यू 13 स्केल चेंजर 4 लाइन ओरिजनल जर्मनी उच्च गुणवत्ता रीड से बना, कलकत्ता फोल्डिंग हारमोनियम बेचना है सम्पर्क करें- 9981492262, 8109445503 (39521)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ**-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें-Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4129)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

इंग्लिश प्रीमियर लीग

# आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल



मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। ोर्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट

# अटलांटा ने रोमा को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मिलान



जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स

# क्वार्टर फाइनल में सेनेगल

एजेंसी ▶▶| रबात



सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने गियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी, जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।

खबर संक्षेप




## डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

## बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयारः हरमनप्रीत

**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है।



सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी पहले भी एक साथ खेल चुके हैं, जिससे हमें शांत रहने और फोकस करने में मदद मिलती है। दबाव बनाना, अपने मौकों को गोल में बदलना, और जरूरी मौकों पर सही फैसले लेना बेहद अहम है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग हमारे लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है क्योंकि आने वाला साल व्यस्त है।

## मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह



अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

**एशेज :** पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन

# ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### *तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट*

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

बीबीएल

# रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े।

### गुरिंदर संधु ने हासिल किए सर्वाधिक 4 विकेट

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कैलम स्टो ने 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने 19.5 ओवरों में जीत दर्ज की। इस टीम ने 24 के स्कोर पर टिम सीफर्ट (6) का विकेट गंवा दिया था। यहां से जोश ब्राउन ने मोहम्मद रिजवान के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 127 के स्कोर तक पहुंचाया।

### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

टी20 विश्व कप

# बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

महिला एचआईएल ...



रांची। ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

बांग्लादेश ने की मैचों को भारत से बाहर करने की मांग

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ट्रैवल नहीं करेगी बांग्लादेशी टीम

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया।

यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 'रिलीज' करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को 'रिलीज' करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है।




### बीसीबी ने की मैच श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं। बीसीबी के बयान के मुताबिक, 'बीसीबी ने विश्व कप के आयोजक आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान (सह-मेजबान श्रीलंका) में स्थानांतरित करने पर विचार करे।' बीसीबी आईसीसी से इस स्थिति को समझने और इस मामले पर तत्काल प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है।

### *बीसीबी ने बुलाई आपातकालीन बैठक*

*रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और भारत में खेले जाने वाले मैचों में बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की भागीदारी से संबंधित मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।' उन्होंने कहा, ' भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी।'*

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त



खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के दूसरे सत्र में अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग में कुल 226 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।




अमेरिका ने वेनेजुएला पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। इसके साथ ही अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। वेनेजुएला पर अमेरिका के हमले के बाद नास्त्रेदमस और बाबा वेंगा की भविष्यवाणी की चर्चा होने लगी है, जिसमें उन्होंने युद्ध की बात कही है।

# सच हो रही है नास्त्रेदमस और बाबा वेंगा की ये भविष्यवाणी?

**पेरिस।** वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस और बुल्गारियन की नेत्रहीन बाबा वेंगा की भविष्यवाणियों की चर्चा होने लगी है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की थी। इस हमले के बाद अमेरिका के सैन्य बलों ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत ले लिया और अमेरिका लेकर चले गए। नास्त्रेदमस और बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में 2026 में वैश्विक स्तर पर बड़े युद्ध की बात कही गई थी।

## वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से डरी दुनिया

### तबाही की तरफ ले जाएगा युद्ध

अब सवाल है कि क्या वेनेजुएला पर अमेरिका का सैन्य हमला इसकी शुरुआत है? क्या 2026 को लेकर बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी सच हो रही है? नास्त्रेदमस ने साल 2026 में तीसरे विश्व युद्ध के शुरू होने की भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा था कि यह युद्ध दुनिया के भविष्य के लिए विनाशकारी साबित होगा। धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर चौतरफा हिंसा होगी। इंसान ही इंसान दुश्मन बन जाएगा। इस टकराव से दुनिया तबाह हो सकती है। नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणी में समुद्र से जुड़े हादसों और युद्ध का भी दावा किया था।



### समुद्र में डूब सकता है विशाल जहाज

इन भविष्यवाणियों का अर्थ निकालने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि 2026 में कोई बड़ा जहाज समुद्र में डूब सकता है। उनका दावा था कि समुद्री मार्गों पर युद्ध जैसे हालात उतपन्न हो सकते हैं। समुद्री मार्गों और बंदरगाहों पर तनाव से अनाज या खाद्य पदार्थों की सप्लाई बाधित होगी। इससे कीमतों में भारी बढ़ोतरी होगी। आर्थिक दबाव की वजह से कई राजनीतिक पार्टियों और प्रभावशाली नेताओं का पतन हो सकता है।

### युद्ध की आग में जल सकते हैं पश्चिमी देश

बाल्कन क्षेत्र का नास्त्रेदमस कहे जानी बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में साल 2026 में युद्ध के संकेत दिए हैं। उनका दावा था कि पूर्वी देशों में चल रहा तनाव एक बड़े युद्ध का रूप ले सकता है। इस युद्ध का असर पूरी दुनिया पर होगा। इस युद्ध की आग पश्चिमी देशों तक पहुंचेगी। युद्ध की वजह से वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। इससे बड़े स्तर पर जान-माल की क्षति होगी। बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, 2026 में चीन, रूस और अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी। इसमें ताइवान पर चीन के संभावित हमले और रूस व अमेरिका के बीच सीधे टकराव का जिक्र है।

## रोचक खबरें

### एक्सपेरिमेंट के लिए दो भाइयों ने किन्नर बनकर मांगे पैसे, किसी ने नहीं किया मना

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को हैरानी में डाल दिया है। इस वीडियो में दो लड़कों ने एक अनोखा और चौंकाने वाला एक्सपेरिमेंट किया, यह जानने के लिए कि अगर वे किन्नर बनकर सड़क पर पैसे मांगें, तो एक दिन में कितनी कमाई हो सकती है। वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि यह एक्सपेरिमेंट एक नहीं, बल्कि दो भाइयों ने मिलकर किया। दोनों ने किन्नर की तरह साड़ी पहनी और पूरी तरह से तैयार होकर घर से बाहर निकलने का फैसला किया। वीडियो का सबसे भावुक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि दोनों भाइयों का मेकअप किसी प्रोफेशनल आर्टिस्ट ने नहीं, बल्कि उनकी मां ने किया। मां को दोनों बेटों का मेकअप करते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद दोनों साड़ी पहनकर किन्नर के रूप में तैयार होते हैं। तैयार होने के बाद दोनों भाई घर से बाहर निकलते हैं और सड़क पर घूम-घूमकर लोगों से पैसे मांगते हैं। वीडियो में दिखता है कि कुछ दूरी पर उन्हें कुछ लोग वीडियो बनाते हुए नजर आते हैं, जिनके हाथों में असली गन भी होती है। इसके बावजूद दोनों भाई हिम्मत करके उनके पास जाते हैं और किन्नर की तरह बातचीत करते हुए उनसे पैसे ले लेते हैं। इसके बाद दोनों भाई एक फलूदा बेचने वाले के पास पहुंचते हैं, जहां से भी उन्हें पैसे मिल जाते हैं। आगे वे 3-4 दुकानों पर रुककर इसी तरह पैसे मांगते हैं। पूरा समय दोनों भाई सड़क पर घूम-घूमकर लोगों से पैसे लेते नजर आते हैं। वीडियो में दोनों भाई बताते हैं कि इससे पहले वे सिग्नल पर किन्नर बनकर पैसे मांग चुके हैं, लेकिन उस बार ज्यादा फायदा नहीं हुआ था।



### मॉल में घुसा आवारा कुत्ता, लोगों ने चंदा इकट्ठा कर दिलवाया खिलौना

**मेक्सिको सिटी।** इंसान और कुत्तों की हजारों साल पुरानी दोस्ती की एक और मिसाल सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मेक्सिको के एक मॉल में रिकॉर्ड हुआ यह वीडियो इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत रहा है। यह वीडियो क्रिसमस से कुछ दिन पहले का बताया जा रहा है, जिसमें एक आवारा कुत्ता मॉल के अंदर टहलता नजर आता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुत्ता सीधे एक टॉय शॉप में जाता है और वहां रखा एक सॉफ्ट टॉय उठाकर मुंह में दबा लेता है। दुकान के कर्मचारी मज़ाकिया अंदाज़ में खिलौना वापस लेने की कोशिश करते हैं, लेकिन कुत्ता उसे छोड़ने को बिल्कुल तैयार नहीं होता है। कुछ देर तक यह नज़ारा देखने के बाद वहां मौजूद शॉपर्स का दिल पिघल गया। उन्होंने आपस में पैसे इकट्ठा किए और खिलौने का भुगतान कर दिया, ताकि कुत्ता उसे अपने साथ ले जा सके। एक शॉपर एले रिवेरो ने बताया, वह खिलौना उठाकर बाहर जाना चाहता था, लेकिन कर्मचारी वापस लेने लगे और वह उसे छोड़ ही नहीं रहा था। वीडियो के आखिर में कुत्ता अपने नए खरीदे हुए खिलौने को मुंह में दबाए खुशी-खुशी भागता नजर आता है। उसकी मासूम खुशी ने सोशल मीडिया यूज़र्स को भावुक कर दिया। एले रिवेरो ने कहा, उसे इतना खुश देखकर दिल भर आया। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कमेंट्स में जमकर प्यार लुटाया। एक यूज़र ने लिखा, जिसने भी उसके लिए खिलौना खरीदा, उसकी जेब कभी खाली न हो। दूसरे ने कहा, इन लोगों पर हमेशा बरकत बनी रहे, यही असली इंसानियत है।



## खोज

### मचाया था खूब आतंक

# डायनासोर के बाद धरती पर था इस विशालकाय जीव का राज

**बोगोटा।** धरती पर सांपों की ऐसी कई प्रजाति हैं, जिन्हें देखने के बाद किसी के भी पैरों से जमीन खिसक जाए। खासकर जहरीले सांप जिसके डसने के बाद इंसान का जिंदा रहना मुश्किल होता है। अब वैज्ञानिकों के हाथ एक ऐसे सांप के जीवाश्म लगे हैं, जिससे यह पता चलता है कि पर्यावरणीय तापमान से जीव-जंतु कितना बड़ा आकार ले सकते हैं। वैज्ञानिकों को इस सांप के जीवाश्म कोलंबिया की एक खदान से मिले हैं। इस खोज से पता चलता है कि यह विशाल सांप बेहद गर्म और कम नमी वाले जंगलों में वास करता था। वैज्ञानिकों ने इस खोज के आधार पर अनुमान लगाया है कि उस वक्त धरती का तापमान आज के तापमान से भी ज्यादा रहा होगा।




### एनाकोंडा भी इसके आगे कुछ नहीं

साल 2009 में कोलंबिया के सेरेहोन कोयला खदान में वैज्ञानिकों को खुदाई के दौरान एक विशाल वर्टिब्रा मिला था। वैज्ञानिक पहले इसे किसी विशाल मगरमच्छ मान रहे थे, लेकिन जब इसकी डीप स्टडी की तो उसमें पता चला कि यह तो सांप की हड्डी है। सांप की यह हड्डी इतनी बड़ी थी कि किसी भी प्रजाति से मेल नहीं खा रही थी। इसी खुदाई के दौरान उन्हें 28 अलग-अलग जीवाश्म मिले और फिर जब इन सभी जीवाश्म को जोड़ा गया तो चौंकाने वाला आकार सामने आया है, क्योंकि यह एक विशालकाय सांप की हड्डियों का ढांचा था, जिसकी लंबाई 42 फीट और वजन 1,113 किलो था, जो आज के एनाकोंडा की हड्डियों से लगभग दोगुना मोटा था।

### गर्म तापमान से फैला इसका शरीर

उस वक्त में सांप के लिए खुद के शरीर को गर्म रखना इतना आसान नहीं था और उनके शरीर का आकार तापमान पर निर्भर करता था। इसका सीधा सा मतलब है कि जितना ज्यादा तापमान होगा, उतना ही लंबा सांप होगा। टाइटन बोआ के आकार से पता चलता है कि उस वक्त धरती का टेंपरेचर बहुत ज्यादा रहा होगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि उस वक्त कोलंबिया में एवरेज टेंपरेचर 30-34 डिग्री सेल्सियस रहा था, जो कि आज की गर्म ट्रॉपिकल जगहों से भी ज्यादा गर्म है। कहा जा सकता है कि टाइटन बोआ उस समय धरती के तापमान को जानने के लिए किसी जिंदा थर्मामीटर की भूमिका में होगा।

### 20 फीट लंबे मगरमच्छ जैसे जीव थे शिकार

खोज में कहा गया है कि टाइटन बोआ का जब धरती पर वास था, तो उस वक्त स्तनधारी जीव-जंतु छोटे थे। ज्यादातर चूहे जैसे जीव, जिनका वजन मुश्किल से 2 से 5 किलो तक रहा होगा। ऐसे में टाइटन बोआ के शिकार 5 फीट चौड़ी खोल वाले कछुए और 20 फीट लंबे मगरमच्छ जैसे जीव थे। टाइटन बोआ के बारे में बताया गया है कि वह नदी और दलदलों में छिपकर वार करने में बहुत माहिर थे, क्योंकि बड़ा शरीर होने के चलते अचानक हमला करने उनके लिए मुश्किल था, लेकिन कभी-कभी अपने विशालकाय शरीर से शिकार को कुचल भी दिया करते थे। यह शिकार पर 400 पीसाई से भी ज्यादा का दबाव डाल सकते थे। इस दबाव से बड़े से बड़ा जानवर भी एक बार में दम तोड़ दे। इस खोज से पहले वैज्ञानिकों का मानना था कि इतने बड़े सांप लाखों सालों बाद आए होंगे, लेकिन अब जब टाइटन बोआ जैसा विशाल उदाहरण सामने है तो, धारणा बदल चुकी है। इनका टाइम करोड़ों साल पहले का बताया गया है। टाइटन बोआ का विशाल शरीर बताता है कि इसका परिवार एनाकोंडा और आधुनिक बोआ से जुड़ा था।

## दुनिया का ऐसा रहस्यमयी पत्थर, जिसे काटने पर निकलता है खून



**सैंटियागो।** अभी तक ज्यादातर लोग यहीन जानते हैं कि पत्थर के अंदर कोई दिल नहीं होता है। इसलिए ही किसी निर्दयी व्यक्ति को पत्थर दिल कहा जाता है, क्योंकि उसके अंदर कोई भावना नहीं होती है। लेकिन, इस धरती पर एक रहस्यमयी पत्थर है, जिसके भीतर से चोट लगने पर खून निकलता है। अगर पत्थर जमीन पर गिर जाता है, तो उसके दो टुकड़े हो जाते हैं और सबसे हैरानी वाली बात यह है कि उसके अंदर से खून निकलने लगता है। पत्थर में चोट लगने पर खून तो बहता ही इसमें से मांस जैसी वस्तु भी निकलती है जिसको लोग खाते हैं। अब यह बाजार में भी खूब बिकता है। यह अनोखा पत्थर चिली और पेरू के समुद्री तलों में बड़ी संख्या में पाया जाता है। अगर आप पत्थरों को देखेंगे, तो पहली नजर में ये सामान्य पत्थर की तरह ही दिखते हैं। इस पत्थर को दुनियाभर में पायुरा चिलियांसिस के नाम से जाना जाता है। पत्थर जैसे ही तोड़ा जाता है, तो इसके अंदर से खून निकलने लगता है। यह पत्थर चट्टानों से हमेशा चिपक रहता है और इसको पीरियड रॉक भी कहा जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पत्थर में खून के साथ मांस भी होता है। ऊपर से यह पत्थर बेहद सख्त दिखता है, लेकिन अंदर से बिल्कुल नरम होता है। सबसे खास बात है कि यह एक समुद्री जीव है जो बिल्कुल पत्थर की तरह दिखता है। इसके टूटने के बाद इसमें से खून बहने लगता है। यह पत्थर सांस भी लेता है और भोजन भी करता है।

## इस साल होंगे 2 सूर्य और 2 चंद्र ग्रहण, भारत के आसमान में 3 मार्च को दिखेगा अनोखा नजारा

**वॉशिंगटन।** खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वाले लोगों को इस साल चार बार आसमान में ग्रहण का खास नजारा देखने को मिलेगा। साल 2026 में कुल चार ग्रहण लगेंगे। इस साल दो दफा सूर्य ग्रहण और दो बार ही चंद्र ग्रहण होगा। ये ग्रहण दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई देंगे। भारत में इन चार में से केवल एक ग्रहण दिखाई देगा।



### 17 फरवरी को होगी ग्रहण की शुरुआत

इस साल ग्रहण की शुरुआत 17 फरवरी को होगी। 17 फरवरी को सूर्य ग्रहण होगा, जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। इस ग्रहण में सूर्य तकरीबन पूरा (96 प्रतिशत हिस्सा) ढक जाएगा। दो मिनट से ज्यादा समय तक चलने वाला यह ग्रहण एक अनोखा नजारा आसामान में बनाएगा लेकिन भारत, पाकिस्तान और आस पास के देश इसे नहीं देख सकेंगे। यह ग्रहण दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण अर्जेंटीना और अंटार्कटिका में दिखाई देगा।

### दूसरा ग्रहण मार्च में

इस साल साल का दूसरा ग्रहण 3 मार्च को होगा। यह चंद्र ग्रहण होगा यानी यह पहला साल का पहला चंद्र ग्रहण होगा। यह चंद्र ग्रहण करीब एक घंटे तक रहेगा। इस दौरान चंद्रमा लाल रंग का नजर आएगा। आसमान में होने वाली इस घटना को ब्लड मून भी कहा जाता है। इस साल का यह अकेला ग्रहण है, जो भारत में दिखाई देगा।

### तीसरा ग्रहण लगेगा 29 जुलाई को

इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण और कुल तीसरा ग्रहण 29 जुलाई को लगेगा। यह सूर्य ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। यानी इस साल के दोनों सूर्य ग्रहण भारतीय नहीं देख सकेंगे। यह सूर्य ग्रहण अफ्रीका के ज्यादातर देशों, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

### साल का आखिरी ग्रहण

साल का दूसरा चंद्र ग्रहण 28 अगस्त को होगा। यह साल का चौथा और आखिरी ग्रहण होगा। इस चंद्र ग्रहण को उत्तर और दक्षिण अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में देखा जा सकेगा। भारत से इस चंद्र ग्रहण को नहीं देखा नहीं जा सकेगा। भारत के खगोल प्रेमी सिर्फ 3 मार्च के पूर्ण चंद्र ग्रहण ही देख सकेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया में मिला 55 अरब टन लोहे का भंडार

**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया का पिलबारा इलाका पहले से ही खनिजों के लिए जाना जाता है। अब यहां की हैमर्सले बेसिन से जुड़ी एक नई खोज ने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान खींच लिया है। वैज्ञानिकों ने यहां धरती का सबसे बड़ा आयरन ओर भंडार खोज निकाला है। इसकी मात्रा करीब 55 अरब मीट्रिक टन आंकी गई है। मौजूदा दामों के हिसाब से इसकी कीमत करीब 5.7 ट्रिलियन डॉलर बताई जा रही है। बता दें कि यह रिसर्च प्रतिष्ठित जर्नल राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की कार्यवाही में छपी है। इसमें वैज्ञानिकों ने पहले से चली आ रही उस धारणा को चुनौती दी है। यह आयरन ओर करीब 2.2 से 2.0 अरब साल पहले बना था। नई तकनीक से की गई जांच में सामने आया कि यह आयरन ओर असल में 1.4 से 1.1 अरब साल पहले बना था। यह उस समय बना जब धरती पर एक बहुत बड़ा महाद्वीप मौजूद था। इसे वैज्ञानिक कोलंबिया सुपरकॉन्टिनेंट कहते हैं और वह टूटने लगा था।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com